# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, बुधवार, 2 अप्रैल 2025

संवत 2082, चैत्र शुक्लपक्ष 4 - मूल्य 2 रुपये

वर्ष-8, अंक 207, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ साजिशों के साये में बेरोजगार युवा

मन्नत के रेनोवेशन के बीच गौरी खान ने 11.61 करोड़ में बेचा अपार्टमेंट ◂◂ 6


# ऑटो और बाइक की टक्कर में 3 की मौत, 6 घायल

## सभी लोग शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे



**जमशेदपुरः** जिले में हुए भीषण सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत हो गई जबकि 6 लोग घायल हो गए हैं। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, पुलिस मामले की जांच में लग गयी है।

मामला जिले के पारडीह रोड स्थित फदलोगोड़ा के पास का है। बताया जा रहा है कि ऑटो में सवार होकर 6 लोग एक शादी समारोह में जा रहे थे। इस दौरान बाइक और ऑटो में जोरदार टक्कर हो गयी जिसमें ऑटो में सवार 12 वर्षीय चांदनी परवीन, 38 वर्षीय व्यक्ति और बाइक सवार युवक की मौत हो गई जबकि 6 लोग घायल हो गए हैं। आनन-फानन में घायलों को अस्पताल ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। वहीं, हादसे के बाद मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



## लालू यादव की बिगड़ी तबीयत, इलाज के लिए ले जाया जाएगा दिल्ली

**पटनाः** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद यादव की तबीयत ब्लड शुगर बढ़ने के कारण बिगड़ गई है। जानकारी के अनुसार, यह समस्या उनके नियमित रूटीन चेक-अप के दौरान पता चली, जहां मेडिकल रिपोर्ट में ब्लड शुगर के स्तर में चिंताजनक वृद्धि देखी गई। सूत्रों के अनुसार, बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री को आगे की जांच और उपचार के लिए जल्द ही दिल्ली एम्स जाने की उम्मीद है। यादव पिछले दो दिनों से अस्वस्थ थे, लेकिन बुधवार सुबह उनकी हालत और गंभीर हो गई।

उनका स्वास्थ्य उनके परिवार और समर्थकों के लिए चिंता का विषय रहा है, खासकर उनके लंबे मेडिकल इतिहास को देखते हुए। पिछले साल सितंबर में यादव ने मुंबई में एंजियोप्लास्टी करवाई थी, जो हृदय संबंधी समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। इससे पहले, 2022 में सिंगापुर में उनका किडनी ट्रांसप्लांट हुआ था, जहां उनकी छोटी बेटी रोहिणी आचार्य ने उन्हें किडनी दान की थी। उनके मेडिकल इतिहास में 2014 में की गई ओपन-हार्ट सर्जरी भी शामिल है।

### 'एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम

## भारतीय सेना ने दिया मुंहतोड़ जवाब पाकिस्तान के 10 जवान घायल

**पुंछ :** जम्मू के पुंछ में एलओसी पर सेना ने घुसपैठ की बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। एलओसी पर भारत-पाकिस्तान सैनिकों के बीच भारी गोलीबारी भी हुई। इस गोलीबारी में पाकिस्तानी सेना के करीब 8 से 10 जवानों के घायल होने की भी सूचना है। एलओसी पर माहौल तनावपूर्ण बना हुआ है।

जानकारी के अनुसार, दोपहर करीब 12 बजे कृष्णा घाटी सेक्टर में भारतीय सेना की अग्रिम पोस्ट के नजदीक जंगली क्षेत्र में अचानक संदिग्ध परिस्थितियों में एक के बाद एक तीन बारूदी सुरंगों में विस्फोट हुए। इसके साथ ही पाकिस्तान की तरफ से गोलीबारी भी शुरू कर दी गई। जानकारी के मुताबिक एलओसी के उस पार से आतंकियों का एक दल भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ का प्रयास कर रहा था, उसी समय भारतीय सेना की ओर से घुसपैठ को रोकने के लिए बिछाई गई बारूदी सुरंगों में विस्फोट होने के कारण आतंकियों का मंसूबा नाकाम हो गया।



आतंकियों को भारतीय सेना से बचाने के लिए पाकिस्तानी सेना ने गोलीबारी कर उन्हें कवर फायर भी दिया। नियंत्रण रेखा पर घुसपैठ की आशंका को देखते हुए भारतीय सेना ने भी जवाबी गोलीबारी की। दोनों तरफ से गोलीबारी जारी रही। गोलीबारी के बाद घटना स्थल पर जंगली क्षेत्र में आग भी लग गई है। गोलीबोरी में सीमा पार काफी नुकसान व पाकिस्तान के दस सैनिकों के घायल होने की भी सूचना है। भारतीय सेना को कोई नुकसान नहीं हुआ है। हालांकि नियंत्रण रेखा पर हुई गोलीबारी को लेकर सेना का कोई अधिकारी बयान जारी नहीं हुआ है।

## पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दो महिला नक्सली ढेर

**मंडलाः** मध्यप्रदेश के मंडला जिले में आज सुबह पुलिस ने मुठभेड़ में दो महिला नक्सलियों को ढेर कर दिया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंडला जिले के वन क्षेत्र में हुई इस मुठभेड़ के बाद घटनास्थल से एसएलआर समेत आधुनिक हथियार और वायरलेस सेट भी मिला है। घटनास्थल और आसपास के क्षेत्र में पुलिस का तलाशी अभियान मुठभेड़ के बाद भी जारी था। महिला नक्सलियों की पहचान की जा रही है। मंडला राज्य के नक्सली प्रभावित बालाघाट जिले से लगा हुआ है। यह जिले राज्य के महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ राज्य की सीमा से जुड़े हुए हैं।



## ट्रैक्टर-ट्रॉली से टक्कर के बाद कार के उड़े परखच्चे, एक ही परिवार के 4 लोगों की मौत

**नई दिल्लीः** उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले में बरला-बसेड़ा मार्ग पर एक तेज रफ्तार कार के ट्रैक्टर-ट्रॉली को पीछे से टक्कर मार दी जिससे एक परिवार के 2 बच्चों समेत 4 लोगों की मौत हो गई और 3 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मिली जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने बताया कि घटना मंगलवार रात की है जिसमें मेरठ जिले की निवासी खुशनुमा (35), सानिया (15), तैयबा (3) और मिरहा (2) की मौत हो गई। ये सभी कार में सवार थे। उसने बताया कि तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनकी हालत स्थिर बताई गई है। अधिकारियों के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब जुनेद के परिवार के सदस्य ईद के मौके पर रिश्तेदारों से मिलने के लिए कमालपुर (मेरठ) से सहारनपुर के गोपाली गांव जा रहे थे।

### इलाहाबाद हाईकोर्ट का अहम फैसला

## दबाव व धोखे से धर्म परिवर्तन गंभीर अपराध, समझौते से केस रद्द नहीं



**प्रयागराज :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण निर्णय में स्पष्ट किया है कि मतांतरण केवल हृदय परिवर्तन और ईमानदारी से विश्वास के आधार पर ही वैध माना जा सकता है। कोर्ट ने कहा कि धोखे या दबाव में कराया गया मतांतरण न सिर्फ अवैध है, बल्कि यह एक गंभीर आपराधिक कृत्य भी है। ऐसे मामलों में पक्षों के बीच समझौता होने पर भी केस को खत्म नहीं किया जा सकता।

यह फैसला न्यायमूर्ति मंजू रानी चौहान की एकल पीठ ने रामपुर निवासी तौफीक अहमद की याचिका खारिज करते हुए सुनाया। याची पर हिंदू लड़की को धोखे से प्रेमजाल में फंसाकर मतांतरण और दुष्कर्म का आरोप है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी ने हिंदू नाम रखकर सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती की, फिर शादी का झांसा देकर छह माह तक बंधक बनाए रखा।

पीड़िता को जब सच्चाई का पता चला कि आरोपी मुस्लिम है, तब उसने किसी तरह भागकर पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई। बाद में अपने बयान में भी उसने आरोपों की पुष्टि की।

### दो बसों और बोलेरो के बीच हुई भीषण टक्कर

## 5 की मौत, 24 से ज्यादा घायल

**बुलढाणा :** महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में बुधवार सुबह भीषण सड़क हादसा हो गया। यह दुर्घटना शेगांव-खामगांव राजमार्ग पर सुबह करीब 5 बजे हुई, जिसमें दो यात्री बसों और एक बोलेरो जीप की आपसी टक्कर में पांच लोगों की जान चली गई, जबकि 24 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसा उस वक्त हुआ जब तेज रफ्तार बोलेरो जीप ने पहले एक यात्री बस को टक्कर मारी। इसके तुरंत बाद पीछे से आ रही एक निजी यात्री बस दुर्घटनाग्रस्त वाहनों से टकरा गई, जिससे हादसा और भयावह हो गया। घटना के बाद राजमार्ग पर चीख-पुकार मच गई और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आपातकालीन सेवाएं तुरंत मौके पर पहुंचीं। घायलों को एंबुलेंस के जरिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत की निगरानी



की जा रही है। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किए और दुर्घटना स्थल को साफ कराकर यातायात बहाल करने की कोशिश की। पुलिस तेज रफ्तार और लापरवाही को हादसे का कारण मान रही है। फिलहाल मामले की विस्तृत जांच जारी है ताकि दुर्घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके। इस हादसे ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

वहीं उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर मंगलवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे ने सबको स्तब्ध कर दिया। जीरो प्वाइंट के पास एक बेकाबू ट्रक ने कार को टक्कर मार दी और उसे करीब 50 मीटर तक घसीटते हुए ले गया। इस दौरान कार में आग लग गई, जिससे उसमें सवार दो युवतियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में कार चालक समेत दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के अनुसार, यह हादसा देर रात हुआ जब कार सवार चार लोग नैनीताल से घूमकर अपने घर रोहतक, हरियाणा लौट रहे थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक की तेज रफ्तार के कारण टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उसमें आग लग गई। आग की लपटों के बीच स्थानीय लोगों और राहगीरों ने बचाव की कोशिश की, लेकिन दो युवतियों को बचाया नहीं जा सका। सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीमें मौके पर पहुंचीं। आग पर काबू पाने के बाद घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।

### दुमका पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## 7 साइबर अपराधी गिरफ्तार, कस्टमर केयर नंबर बदलकर करते थे ठगी



**दुमकाः** पुलिस को साइबर अपराधियों के विरुद्ध बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए सात साइबर अपराधियों को धर दबोचा है। इसमें तीन दुमका, तीन देवघर और एक पाकुड़ का रहने वाला है। सातों के पास से पुलिस ने 12 मोबाइल, दो लैपटाप, 12 हजार रुपया और एक एटीएम बरामद किया है। गिरोह के बाकी सदस्यों की तलाश की जा रही है।

एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि मुफस्सिल थाना प्रभारी को सूचना मिली कि आदित्य नारायण कॉलेज के पास एक निर्माणाधीन मकान में कुछ युवक लैपटॉप के साथ लोगों को अपने जाल में फंसाने की साजिश रच रहे हैं। प्रशिक्षु आइपीएस डॉ सैयद मुस्तफा हाशमी के नेतृत्व में टीम बनाकर दबिश दी गई। मौके पर से सात युवकों को गिरफ्तार किया गया। दुमका के रसिकपुर निवासी विक्की शर्मा, तेलीपाड़ा का नीरज कापरी, काठीकुंड के आमझारी का अंकित कुमार दास, देवघर के खागा का करण कुमार राणा, प्रेम सागर राणा सूरज कुमार और पाकुड़ के राजीव कुमार को गिरफ्तार किया गया है सभी ने अपना अपराध भी स्वीकार कर लिया और बताया कि जनवरी माह से साइबर ठगी कर रहे हैं। गिरफ्तार युवकों ने पुलिस को बताया कि वे सभी लोग कस्मटर केयर में पहले से पड़े मोबाइल नंबर की जगह अपना नंबर डाल देते थे।

### लोकसभा में आज वक्फ संशोधन विधेयक किया गया पेश

# ' वक्फ विधेयक से किसी भी धार्मिक मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी सरकार ': रिजिजू




**नई दिल्लीः** वक्फ संशोधन विधेयक आज लोकसभा में पेश किया गया। इस विधेयक को लेकर विपक्ष द्वारा सरकार की मंशा पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं। इसे लेकर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने लोकसभा में अपने संबोधन में साफ कर दिया कि वक्फ विधेयक के जरिए सरकार किसी धर्म के मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक सिर्फ संपत्ति के प्रबंधन से जुड़ा है और इसका मंदिर या मस्जिद या किसी भी धार्मिक स्थल के प्रबंधन से कोई लेना-देना नहीं है। लोकसभा में वक्फ संशोधन विधेयक पेश करने के बाद चर्चा के दौरान संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, 'वक्फ विधेयक किसी भी धार्मिक व्यवस्था, किसी भी धार्मिक संस्था या किसी भी धार्मिक प्रथा में किसी भी तरह से हस्तक्षेप नहीं कर रहा है। यह केवल संपत्ति प्रबंधन का मामला है। अगर कोई इस बुनियादी अंतर को समझने में विफल रहता है या जानबूझकर नहीं समझना चाहता है, तो मेरे पास इसका कोई समाधान नहीं है।

## वक्फ बिल राष्ट्रहित में, करोड़ों मुसलमान के साथ पूरा देश करेगा इसका समर्थन

**नई दिल्ली :** केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री मंत्री किरेन रिजिजू ने आज लोकसभा में पेश किए जाने वाले वक्फ संशोधन विधेयक 2025 को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने इसे एक ऐतिहासिक कदम करार देते हुए कहा कि यह विधेयक राष्ट्रहित में पेश किया जा रहा है और इसका समर्थन न केवल करोड़ों मुसलमानों द्वारा, बल्कि पूरे देश द्वारा किया जाएगा। रिजिजू ने इस विधेयक को गरीब मुसलमानों, महिलाओं और बच्चों के कल्याण के लिए महत्वपूर्ण बताया।

लोकसभा में विधेयक पेश करने से पहले केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा, आज ऐतिहासिक दिन है। वक्फ संशोधन विधेयक 2025 देश के हित में लाया जा रहा है। हम राष्ट्र को लाभ पहुंचाने वाली हर पहल के लिए प्रतिबद्ध हैं। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह विधेयक बहुत सोच-समझकर और तैयारी के साथ पेश किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि जो लोग इसका विरोध कर रहे हैं, वे राजनीतिक कारणों से ऐसा कर रहे हैं। रिजिजू ने कहा, मैं सदन में तथ्य प्रस्तुत करूंगा। अगर कोई विरोध करता है, तो वह तर्क के आधार पर करे, हम उसका जवाब देने को तैयार हैं। किरेन रिजिजू ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ नेता, जिनमें धार्मिक नेता भी शामिल हैं, निर्दोष मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) का उदाहरण देते हुए कहा, इन्हीं लोगों ने कहा था कि सीएए मुसलमानों की नागरिकता छीन लेगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ।

उन्होंने दावा किया कि कई कांग्रेस नेता और विपक्षी दल निजी तौर पर इस विधेयक की जरूरत को स्वीकार करते हैं, लेकिन वोट बैंक की राजनीति के चलते इसका विरोध कर रहे हैं। रिजिजू ने यह भी कहा कि यह विधेयक मुस्लिम समुदाय के हित में है और इसे लेकर किसी भी तरह की गलतफहमी को दूर करने के लिए वह सदन में पूरी पारदर्शिता के साथ तथ्य रखेंगे। विधेयक पर चर्चा के दौरान सभी पक्षों के तर्कों का जवाब देने की बात भी उन्होंने दोहराई।

वक्फ (संशोधन) विधेयक 2024 को आज निचले सदन लोकसभा में पेश किया गया। इस पर चर्चा के लिए स्पीकर ओम बिरला ने 8 घंटे का समय निर्धारित किया है। वक्फ अधिनियम, 1995 में पहली बार संशोधन नहीं किया जा रहा है। इस कानून में 2013 में यूपीए की सरकार के समय भी संशोधन हुए थे। इस बिल पर बहस के लिए सत्ताधारी गठबंधन को 4 घंटे 40 मिनट का समय दिया गया है। लोकसभा में बहस के लिए भाजपा, कांग्रेस, जदयू, टीडीपी समेत पार्टियों ने अपने सांसदों के लिए व्हिप जारी कर दिया है।

न्यूज ब्रीफ

## रामनवमी पूजा महासमिति ने निकाली मंगला शोभायात्रा



**रामगढ़ :** सिद्धू कान्हू जिला मैदान से मंगलवार को श्री श्री रामनवमी पूजा महासमिति द्वारा भव्य मंगला शोभायात्रा का आयोजन किया गया।जुलूस में बड़ी संख्या में रामभक्त शामिल हुए जो जय श्रीराम, जय हनुमान का नारा लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। जुलूस में शामिल लोगों के जय श्रीराम, जय हनुमान के नारे से शहर गुंजायमान होता रहा। मंगला जुलूस में शामिल युवाओं ने अस्त्र शस्त्र का हैरतंगेज प्रदर्शन कर लोगों को अचंभे में डाल दिया। युवाओं के इस प्रदर्शन को देखकर लोग प्रशंसा करते रहे। मंगला शोभायात्रा को लेकर जिला पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये थे। जिसमें पुलिस अधीक्षक, एसडीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी सहित कई जवान शामिल हुए। जिससे शोभायात्रा चट्टी बाजार, थाना चौक, मेन रोड होते हुए सुभाष चौक पहुंचकर शांतिपूर्वक संपन्न हो गई। मंगला शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा में शामिल भक्तों का मारवाड़ी धर्मशाला के समक्ष पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा का विभिन्न संगठनों की ओर से स्टाल लगाकर शरबत और चना के साथ स्वागत किया गया। स्वागत करने वालों में साहु समाज, बजरंग क्लब व अन्य शामिल थे। रामगढ़ मुस्लिम कमेटी ने मंगला जुलूस का किया स्वागत मुस्लिमः समाज के लोगों ने राम भक्तों को पानी बिस्किट और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। स्वागत करने वालों में ग्यास खान, वाजुल हक खान, नौशाद मजीद, शकील अहमद कुरैशी, आरिफ कुरैशी, इमरान रजा खान, मेडी खान, डाक्टर रियाज, मुख्तार, रिजवान मजीद, मोहम्मद शहीद, वसीम अहमद कुरैशी, रियाज खान, जमील कुरैशी, अली रजा कुरैशी व अन्य के नाम शामिल हैं

## कलशयात्रा के साथ मारुति नंदन महायज्ञ शुरू



**गिरिडीह :** गांडेय प्रखंड के भलपहरी गांव में मंगलवार को कलशयात्रा के साथ पांच दिवसीय मारुति नंदन महायज्ञ का शुभारंभ हुआ। कलशयात्रा में 108 महिलाएं व कुंवारी कन्याएं शामिल हुईं। लाल-पीले वस्त्र में महिलाएं व कन्याएं माथे पर कलश लेकर गाजे-बाजे के साथ विभिन्न क्षेत्रों से होते हुए बराकर नदी के गुलियाडीह घाट पहुंचीं। यज्ञाचार्य नवल किशोर पांडेय ने मंत्रोच्चार की बच कलश में जल भरवाया। इसके बाद जयकारा लगाते हुए कलशयात्रा वापस मंदिर पहुंची। बनारस से आए आचार्य नवल किशोर पांडेय व त्रिलोचन पांडेय ने विधि विधान से पूजा-अर्चना कर कलश अस्थापन कराया। कलशयात्रा में जिला परिषद अध्यक्ष मुनिया देवी भी शामिल हुईं। यज्ञ समिति के अध्यक्ष नरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि यज्ञ में 1 अप्रैल से 5 अप्रैल तक प्रातः श्री गणेश अंबिका पूजन, सर्वदेव-देवी पूजन, श्री मत्स्य महापुराण व श्री रामचरित मानस का पाठ होगा। प्रत्येक दिन यज्ञ स्थल की परिक्रमा सुबह 6:00 बजे से होगी। शाम 7 बजे मंगल आरती के बाद रात 8 बजे से ओंकार शरण शास्त्री का प्रवचन व भजन-कीर्तन होगा। 5 अप्रैल को रूद्राभिषेक व हवन के साथ पूणार्हुति होगी। इसके बाद भंडारा होगा।

## लापरवाही बर्दाश्त नहीं: अमित महतो



**सिल्ली :** विधायक अमित महतो सिल्ली सरना समिति लुपुंग में आयोजित सरहुल पूजा महोत्सव में शामिल हुए। विधायक ने सिल्ली एवं पूरे राज्य वासियों को सरहुल महापर्व की बधाई और शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा झारखंड की संस्कृति एवं परंपराओं के गौरवशाली धरोहर को सदैव सहेजेंगे रहने की जरूरत है। विधायक ने हाल के दिनों में बढ़ती अपराध पर चिंता जताते हुए कहा कि आमजनों की सुरक्षा पुलिस प्रशासन की पहली प्राथमिकता होनी चाहिए लेकिन आज आये दिन आपराधिक घटनाएं घट रही है लोग शिकायतें कर रहे है पर शिकायतें फाईल पर ही सिमट कर रह जाता है जो चिंता का विषय है। त्वरित कार्रवाई होने पर अपराधियों का टूटेगा।

## कोयलांचल में मना प्रकृति पर्व सरहुल



**खलारी :** कोयलांचल क्षेत्र में प्रकृति पर्व सरहुल मंगलवार को धूमधाम से मनाई गई इस दौरान सरना स्थलों पर पाहनों के साथ आदिवासी समुदाय के लोगों ने सरहुल पर्व को आदिवासी रीति रिवाज के साथ सरना समिति कमाती धौड़ा महावीर नगर के स्थित सरना स्थल पर पूजा-अर्चना की गय। शोभायात्रा महावीर नगर से केडी मुख्य बाजार और केडी आंबेडकर चौक होते हुए बदरा धौड़ा में जाकर समाप्त हुई। इस सरहुल पर्व में कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा, खलारी थाना प्रभारी इंस्पेक्टर जयदीप टोप्पो भी शामिल हुए, मौके पर विधायक प्रतिनिधि खलारी सोनू रजक, इंदिरा देवी, राजेश सिंह मिंटू, अनिल पासवान, सरना समिति कमाती धौड़ा अध्यक्ष राजकुमार उरांव, निभा उरांव, मुखिया तेजी किस्पोट्टा, रंथु उरांव, रामलखन गंझू, अमृत , सुनीता देवी, पारसनाथ उरांव, दीपमाला कुमारी, शीला कुमारी, ललिता देवी, किरण तिर्की, कुलदीप लोहार, पुतुल देवी, शांति देवी, सेवा उरांव, मलका मुंडा, संतोष कुमार महली, शांति देवी, शिवरत मुंडा, पुष्पाखलखो, सीतमोहन मुंडा, विनोद मुंडा, योगेंद्र मुंडा, विजय उरांव, सुकरा उरांव, छोटन भोगता, श्रवण भोगता शशि मुंडा, किशुन मुंडा, राहुल गंझू, नीरज उरांव, सुभाष उरांव, अजीत उरांव, कुलदीप लोहरा, रामसूरत यादव, दिलीप गंझू, कामेश्वर निशाद, कारू निषाद, संतोष कुमार, अशोक कुमार व अन्य मौजूद थे।

# आदिवासी छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए सीएम, दो दिन छुट्टी का एलान

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** प्राकृतिक पर्व सरहुल हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। बता दें कि सरहुल झारखंड के महत्वपूर्ण त्योहारों में से एक है। सरहुल के मौके पर रांची के आदिवासी छात्रवास में आयोजित सरहुल कार्यक्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए। साथ ही साथ विधायक कल्पना सोरेन, मंत्री चमरा लिंडा और मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मौजूद रहे। मुख्यमंत्री ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट कर सरहुल में दो दिनों के राजकीय छुट्टी का एलान किया।



झारखंड के प्रमुख त्योहारों में से एक प्राकृतिक पर्व सरहुल के मौके पर राजधानी रांची में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। तमाम आदिवासी समाज के लोग सरहुल के अवसर पर उत्साहित नजर आ रहे हैं। इसी क्रम में राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी सरहुल के रंग में रंगे हुए नजर आए। रांची के करमटोली स्थित आदिवासी छात्रवास में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य सरहुल का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल हुए।

उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा, सरहुल महज एक त्योहार ही नहीं बल्कि प्रकृति से जुड़ाव का एक प्रतीक है। इसलिए इस पर्व को प्राकृतिक पर्व के तौर पर जाना जाता है। सरहुल पर्व पर हमें प्रण लेना चाहिए कि हमारे आदिवासी परंपरा और संस्कृति को सदैव जीवित रखेंगे। झारखंड सरकार के द्वारा आदिवासी समाज के उत्थान के लिए कई योजनाएं लाई जा रही हैं। खासकर आदिवासी युवा कैसे आगे बढ़ें, इस पर झारखंड सरकार एक विजन के तहत कार्य कर रही है।

सरहुल का महत्व झारखंड में देखने को मिलता है। इस पर्व की गरिमा को समझते हुए राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से पोस्ट कर जानकारी दी। सरहुल पर अब से राज्य में दो दिनों की छुट्टी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा, पिछले कई वर्षों से सरहुल के अवसर पर दो दिन के राजकीय अवकाश की मांग उठ रही थी। आदिवासी समाज के इस महापर्व को देखते हुए हमने यह निर्णय लिया।

आप सभी के बीच आकर खुशियों को बांटने का मौका मिलता है': मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी कॉलेज छात्रावास परिसर में हर वर्ष धूमधाम से सरहुल का त्योहार मनाया जाता है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मुझे यहां आयोजित सरहुल महोत्सव में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। यहां आकर आप सभी के साथ खुशियों को बांटने का मौका मिल रहा है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि यहां हम प्रकृति को संरक्षित रखने और अपनी परंपराओं को लेकर आगे बढ़ने का एक संकल्प लेते हैं। हमारा संकल्प पूरा हो, इस दिशा में हमें सदैव प्रयास करते रहना चाहिए।

'व्यस्तता भरी जिंदगी में समय निकालें' : मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी जिंदगी काफी व्यस्त हो चुकी है। लोगों के पास वक़्त कम है, फिर भी विरासत में मिली अपनी परंपरा एवं सभ्यता-संस्कृति से जुड़े रहने के लिए वक़्त जरूर निकालें। यह हमारी आने वाली पीढ़ी की बेहतरी के लिए जरूरी है। इससे आपसी रिश्ते मजबूत होते हैं और पर्व-त्योहारों का जश्न मिलकर मनाने की अलग ही खुशी मिलती है।

छात्रावासों का हो रहा जीर्णोद्धारः मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर व्यवस्था देने के लिए सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार हो रहा है। इस कड़ी में आदिवासी कॉलेज छात्रावास, करमटोली और महिला कॉलेज छात्रावास में मल्टी स्टोरी बिल्डिंग बनाई जाएगी। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे सिर्फ अपनी पढ़ाई की चिंता करें, बाकी सारी व्यवस्था सरकार करेगी। आप सही दिशा में आगे बढ़े, सरकार आपके साथ खड़ी है। इस अवसर पर कृषि मंत्री शिल्पा नेहा तिर्की एवं विधायक कल्पना सोरेन ने भी पारंपरिक विधि- विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के विकास तथा खुशहाली की कामना की।

## कई मायनों में खास होगा 44वां हनुमान जयंती महोत्सव, तैयारी पूरी

### दरबार के अलौकिक आकर्षण के साथ सवा 25 घंटों के चमत्कारी भजनों से गूंजेगा वातावरण

### बाहरी वह स्थानीय कलाकार बहाएंगे भक्ति की धारा

मेट्रो रेज संवाददाता

झुमरी तिलैयाः धार्मिक संगठन श्री हनुमान संकीर्तन मंडल द्वारा आयोजित श्री हनुमान जयंती सह 44 वें वार्षिकोत्सव की तैयारी जोरों पर है। जिसको लेकर श्री अंग्रेसन भवन में बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा व संचालन सचिव विक्की केशरी ने किया। बैठक के दौरान श्री हनुमान जयंती की तैयारी को लेकर चर्चा की गई।वही मंडल के द्वारा 11 व 12 अप्रैल को बड़े ही धूमधाम से श्री हनुमान जयंती सह मंडल का 44 वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इसकी तैयारी को लेकर मंडल के अध्यक्ष नवीन सिन्हा व सचिव विक्की केसरी ने बताया कि 11 अप्रैल को सुबह 7 बजे स्टेशन रोड स्थित श्री हनुमान मंदिर से एक भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मार्गो का भ्रमण करते हुए कार्यक्रम स्थल श्री केदारनाथ राम गोपाल जी की फैक्ट्री अड्डी बंगला रोड पहुंचेगी। उसके बाद सस्वर सुंदर कांड का पाठ किया जाएगा। इसके बाद सवा 25 घंटे का भजनों का कार्यक्रम शुरू होगा। इस कार्यक्रम में सबसे पहले श्री हनुमान संकीर्तन मंडल के द्वारा भजन प्रस्तुत किए जाएंगे। इसके बाद शहर की विभिन्न भजन मंडलियों के द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएंगे। वहीं बाहरी कलाकार में दीपक अरोरा सहित बाहर से आये कलाकारो के द्वारा अपनी प्रस्तुति देंगे। उन्होंने आगे बताया कि इस जयंती में सवा मनी प्रसाद,फल प्रसाद भोग लगाया जाएगा। उन्होंने आम जन से अपील की है कि इस कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग प्रदान करें। 44 में हनुमान जयंती पर अलौकिक दरबार आकर्षण का केंद्र रहेगा। जहां बाहरी एवं स्थानीय कलाकारों के चमत्कारी भजनों से वातावरण गूंजेगा। कार्यक्रम की सफलता को लेकर मंडल के सभी सदस्य सक्रिय रूप से लगे हुए हैं।बैठक में मंडल के उपाध्यक्ष सुजय सिंह,कोषाध्यक्ष बबलू पांडेय, संचालक गौतम पांडेय, सहसंचालक विजय पांडेय, अरविंद चौधरी, विकास अग्रवाल,गिरधारी सुमानी, राजेश वर्मा, नितिन मिश्रा, विशाल अग्रवाल, रामानुज सिंह, सचिन लोहानी,अमित वर्मा सहित मंडल के सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम के प्रचार प्रसार में गिरधारी सोमानी व मीडिया की कमान अमित वर्मा, आलोक सिन्हा, अरविंद चौधरी संभालेंगे।

डेंगरापहाड़ सरहुल महोत्सव के दौरान स्कूटी चोरी

कोडरमाः थाना क्षेत्र अंतर्गत डेंगरापहाड़ मरियमपुर के समीप से मंगलवार शाम करीब सात बजे एक स्कूटी चोरी हो गई। जिसको लेकर गिरिडीह रोड कोडरमा निवासी उमेश पासवान पिता स्व गांगो पासवान ने कोडरमा थाना में आवेदन देकर बताया कि मरियमपुर में सरहुल महोत्सव में खाना बनाने के लिए अपनी ब्ल्यू रंग की स्कूटी संख्या जेएच 12 एन 2682 से गया हुआ था। स्कूटी टेंट के नजदीक लगाकर खाना बनाने में व्यस्त हो गया। खाना बनाकर लौटने के लिए

बाल सुधार गृह से 21 बाल कैदियों के फरार होने पर मरांडी ने कहा

## चाईबासा रिमांड होम केस की हो उच्चस्तरीय जांच

### यह सुरक्षा व्यवस्था में गंभीर चूक

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांचीः** बीजेपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने चाईबासा के बाल सुधार गृह से 21 बाल कैदियों के फरार होने के मामले की जांच की मांग की है। उन्होंने इसे सुरक्षा-व्यवस्था में गंभीर चूक बताया है। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि चाईबासा की यह घटना दर्शाती है कि सरकार राज्य में बाल सुधार गृह के नाम पर केवल खानापूरी कर रही है। बाबूलाल मरांडी ने सभी फरार बाल कैदियों को वापस लाकर उनकी उचित काउंसलिंग करवाने और इस घटना की उच्चस्तरीय जांच कराकर दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है।



बाबूलाल मरांडी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर कहा, बाल सुधार गृह का उद्देश्य भटके हुए किशोरों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ना होता है, लेकिन चाईबासा की यह घटना दशार्ती है कि सरकार बाल सुधार गृह के नाम पर सिर्फ खानापूरी कर रही है। जल्द से जल्द सभी फरार किशोरों को वापस लाकर उनके लिए उचित काउंसलिंग की व्यवस्था करें। अन्यथा यह समाज के लिए खतरा बन सकता है। ये बच्चे क्यों भागे और किसकी लापरवाही से भागे, इसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर उचित कार्रवाई की जानी चाहिए।

सरहुल के दिन फरार हुए थे 21 बाल कैदीः चाईबासा जिले के मुफ्फसिल थाना अंतर्गत जिला स्कूल के पास स्थित समाज कल्याण महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सम्प्रेक्षण गृह से मंगलवार (1 अप्रैल 2025) की शाम 21 बाल बंदियों ने तोड़फोड़ की। उत्पात मचाया और जबरन गेट खोलकर फरार हो गये। हालांकि, इनमें से 3 के माता-पिता उन्हें रिमांड होम पहुंचा गये। वहीं, एक को जवानों ने बाजार में घूमते देखा और उसे यहां पहुंचा गये। शेष फरार बाल बंदियों की तलाश में छापेमारी की जा रही है।

## लुपुंग अखाड़े में पारंपरिक नृत्य व संगीत के साथ सरहुल संपन्न

मेट्रो रेज संवाददाता

**मुरीः** मुख्य सरना अखाड़ा लुपुंग में सरहुल पूजा पर जय सरना,जय धर्मेश,जय धरतियायो की जय कारा लगाया गया। डीजे के धुन पर अखाड़ा में धुमधाम एवं पारम्परिक वेशभूषा के साथ नृत्य संगीत से सम्पन्न हुआ। पाहन मंगला (पुजारी ), पाहन प्राण मुंडा (पुजारी)सदस्य पाहन धिरजा, राजाराम,डिंडा उरांव, दुर्गा चरण मांझी, शक्ति पाहन,मंशु, ने विधिवत रूप से सखुआ पेड़ की पूजा पाठ को सम्पन्न कराया गया,लाल मुर्गी बलि के रूप में चढ़ाया गया। पेड़ के नीचे कांसा की थाली में चुडा गुड़,फुला चना, सिंदूर प्रसाद के रूप में चढ़ाया गया।मंच पर विधायक अमित महतो,सिल्ली थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर,,समाज सेवी शयाम सुन्दर महतो, जिला परिषद वीणा देवी,प्रखंड प्रमुख जितेन्द्र बड़ाइक, पूर्व प्रखंड प्रमुख कमल नाथ मांझी,सिल्ली सरना समिति के अध्यक्ष भरत मुंडा, सचिव गोंदरा उरांव, मुख्य संरक्षक अनिल कुमार मांझी, संरक्षक अजय दोहरा, त्रिदेव मांझी, मुखिया सीमा गोंझु, मुखिया शर्मिली कुमारी, उपाध्यक्ष मोतीलाल मांझी, महासचिव हजारी मुंडा, कोषाध्यक्ष दुर्गा चरण मांझी, कार्यकारी अध्यक्ष विमल उरांव, कार्यकरिणी अध्यक्ष ललित मुंडा शंकर उरांव ,मुखिया मुखिया लालू राम उरांव ,फारुख, फखरूद्दीन, हरे कृष्ण महतो ने सरहुल पर्व झारखंड और झारखंडी सांस्कृतिक का धरोहर है। आदिवासी का उठना बैठना,आचार विचार, नृत्य सभी प्राकृतिक से जुड़ा है। यहां की नागपुरी डांस सबको मोहित करती है। सरहुल पर्व में चारों तरफ जंगल की सुगन्धित वातावरण रहता है।



# सीसीएल ने सेवानिवृत्त कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

मेट्रो रेज संवाददाता

**रांची :** सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के मुख्यालय में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मार्च 2025 में सेवानिवृत्त होने वाले 85 कर्मियों को सम्मानपूर्वक विदाई दी गई। इनमें मुख्यालय में कार्यरत दो कर्मी , ध्रुव नारायण दास एवं मोहम्मद शमीम भी शामिल रहे।




समारोह में सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र एवं निदेशक (तकनीकी/संचालन) सीएस तिवारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही, विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, अधिकारीगण, कर्मचारीगण एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन भी इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण एक शॉर्ट फिल्म रही, जिसमें सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यकाल की झलकियाँ, उनके अनुभव एवं योगदान को दशार्या गया। इस फिल्म में सेवानिवृत्त कर्मियों ने अपनी कार्ययात्रा साझा करते हुए सीसीएल परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया और कंपनी की निरंतर प्रगति की कामना की।

निदेशक (कार्मिक) हर्षनाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि सेवानिवृत्त कर्मी हमारे संगठन की आधारशिला रहे हैं। वर्षों के कठिन परिश्रम, समर्पण और निष्ठा से इन्होंने सीसीएल को ऊँचाइयों तक पहुँचाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। आप सभी का योगदान अविस्मरणीय रहेगा। आपकी कार्यकुशलता और अनुभव ने इस संगठन को मजबूत किया है। सेवानिवृत्ति केवल एक औपचारिकता है, लेकिन आप सभी सीसीएल परिवार का अभिन्न अंग बने रहेंगे। हम आपके सुखद, स्वस्थ एवं समृद्ध भविष्य की कामना करते हैं ।

निदेशक (तकनीकी/संचालन) सी एस। तिवारी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा किमैं आज एक भावुक क्षण का साक्षी हूँ, क्योंकि हमारे बीच से वे साथी सेवानिवृत्त हो रहे हैं जिनके साथ हमने दशकों तक कंधे से कंधा मिलाकर काम किया है। ध्रुव नारायण दास एवं मोहम्मद शमीम जैसे समर्पित कर्मियों का योगदान अमूल्य रहा है। आपकी मेहनत, प्रतिबद्धता और लगन ने कंपनी के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आपकी नई यात्रा सुखद एवं समृद्ध हो। सेवानिवृत्त कर्मियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। उपस्थित सभी लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उन्हें भावभीनी विदाई दी।

कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन महाप्रबंधक (कल्याण) रेखा पांडेय ने किया। इस आयोजन को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं अन्य विभागों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## गणगौर मिलान व विसर्जन संपन्न



**संवाददाता**

**रांची:** श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में कल सुबह 6.00 बजे से शुरू हुई गणगौर पूजा अपराह्न 2.00 बजे तक अनवरत चलती रही। गणगौर मिलान एवं विसर्जन के लिए अपराह्न 3.00 बजे से मारवाड़ी समाज की महिलाओं के आने का सिलसिला जो शुरू हुआ वो संध्या 6.00 बजे तक जारी रहा। मंदिर परिसर में गणगौर मिलान एवं बड़ा तालाब में गणगौर विसर्जन घाट की व्यवस्था माहेश्वरी समाज के तीनों संगठन (श्री माहेश्वरी सभा, माहेश्वरी महिला समिति, माहेश्वरी युवा संगठन) के सहयोग से सुचारू रूप से चला। माहेश्वरी भवन में लगायें गए गणगौर मेले में गणगौर विसर्जन करने आई महिलाओं ने रात्रि 8.00 बजे तक मेला में बने लजीज व्यंजन का आनंद लिया।

इस महोत्सव को सफल बनाने में निवर्त्तमान अध्यक्ष मुख्य संयोजक शिव शंकर साबू, प्रदेश अध्यक्ष राजकुमार मारू, रांची सभा अध्यक्ष किशन साबू ,सचिव नरेंद्र लखोटिया, उपाध्यक्ष गोवर्धन भाला, महिला अध्यक्ष भारती चितलांगिया सचिव विमला फलोर, युवा अध्यक्ष विनय मंत्री सचिव हेमंत चितलांगिया, कुमुद लखोटिया शारदा लड्डा लक्ष्मी चितलांगिया,अर्चना साबू, बसंत लाखोटिया, श्याम सुन्दर पेड़ीवाल, मनोज काबरा (दामा),अशोक सोढाणी, राजेश सोमानी, दीपक मारू, मनीष मारू , प्रकाश काबरा, ओमप्रकाश बोड़ाएवं समाज के तीनों संगठन के सदस्यों का सहयोग रहा।

ज्ञात हो माहेश्वरी समाज द्वारा 1981 से मारवाड़ी समाज के खास पर्व गणगौर की राजस्थानी परंपरा की पुरानी विरासत को संजोए हुए गणगौर पूजा की सार्वजनिक व्यवस्था गणेश नारायण साबू चौक, सेवा सदन पथ,अपर बाजार स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर परिसर में शुरू की गयी थी। गणगौर पूजा मारवाड़ी समाज का प्रमुख लोक पर्व है। जो होलिका दहन के दूसरे दिन से 16 दिन तक चलता है। यह पर्व मूलतः कुवांरी लड़कियों व सुहागन महिलाओं का त्योहार है।



## चना व शर्बत का वितरण

**रांची:** सरहुल के शुभअवसर पर श्री काली मंदिर दुर्गा पूजा समिति शास्त्री चौक रातु रोड के तत्वावधान में शोभायात्रा में शामिल लोगों के बीच मधुकम में चना व शर्बत वितरण किया गया।

इस मौके पर अध्यक्ष सुजीत वर्मा सहित राजेश महतो, शिव किशोर शर्मा,अमर प्रसाद, संतोष विश्वकर्मा,बजरंग सिंह, राकेश सिन्हा,रिशु वर्मा,सोनू पांडा,अर्जुन पांडा,गोलू वर्मा, सपन शाह,सुनील वर्मा व अन्य मौजूद थे। उक्त जानकारी समाजसेवी शिव किशोर शर्मा ने दी है।

## भारतीय एकता कमेटी ने सरहुल के जुलूस को किया सम्मानित



**सभी** धर्म समुदाय को मान सम्मान दीजिए यही हमारे देश की खूबसूरती है : गुलाम मुस्तफा रांचीः प्राकृतिक पर्व सरहुल के जुलूस का भारतीय एकता कमेटी सामाजिक संस्था ने स्वागत किया। इस शुभ अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा और सचिव रामेश्वर राम ने पाहन और पदाधिकारियों को माला पहनकर सम्मानित किया । उनके बीच वॉटर बॉटल व शरबत का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा कि सभी धर्म समुदाय को मान सम्मान दीजिए। यही तो हमारे देश की खूबसूरती है। सभी देशवासी आपस में भाई-भाई हैं। इस अवसर पर पाहन ने सखुआ का फूल और अबीर गुलाल लगाकर सरहुल की बधाई दी। आज के इस कार्यक्रम में मनोज राम, मोहम्मद सितारे, मोहम्मद वसीम, बुलंद अख्तर, उज्जवल राम, कृष्ण कुमार, मोहम्मद सुफियान व अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## जुलूस के दौरान दो पक्षों में संघर्ष, आठ घायल

**रांची :** राजधानी रांची के पिठौरिया थाना क्षेत्र के हेठबालू गांव में मंगलवार की रात सरहुल पर निकाले गए जुलूस के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति है। इस संघर्ष में दोनों पक्ष से करीब सात-आठ लोग घायल हो गए हैं। घायलों में एक आदिवासी पाहन (पुजारी) भी हैं। हालांकि, इस घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस-प्रशासन की टीम ने स्थिति को तत्काल काबू में कर लिया। इसके बाद गांव में बड़ी तादाद में पुलिस बल की तैनाती की गई है। बताया गया है कि हेठबालू गांव में एक समुदाय के लोगों ने अपने त्योहार को लेकर सड़क के दोनों छोर पर बिजली की लड़ियां लगाई थीं। मंगलवार को सरहुल पर इसी रास्ते से जब जुलूस निकला, तो उनके झंडों से सड़क किनारे लगी बिजली की कई लड़ियां टूट गईं। इसी बात पर दो पक्षों में विवाद इस कदर बढ़ा कि दोनों ओर से लाठी-डंडे और ईंट-पत्थर चलने लगे। सरहुल जुलूस का नेतृत्व करने वाले पाहन सहित कई अन्य को गंभीर चोटें आईं।

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिया निर्देश

# सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे लोगों पर नहीं होगी कार्रवाई





**संवाददाता**

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता को निर्देश दिया है कि रांची के सिरम टोली फ्लाईओवर रैंप हटाने की मांग को लेकर उग्र प्रदर्शन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाए।

हेमंत सोरेन ने राज्य के महानिदेशक सह पुलिस महानिरीक्षक को यह निर्देश दिया है कि चूंकि यह घटना सरहुल पर्व की भावना से जुड़ा हुआ है। इसलिए इसे प्राथमिकी के आधार पर अभियुक्तों के खिलाफ किसी भी कार्रवाई पर रोक लगाई जाए। कोई आगे की कार्रवाई नहीं की जाए। इस आलोक में पुलिस महानिदेशक ने रांची के वरी पुलिस अधीक्षक को इस दिशा में आगे की कार्रवाई नहीं करने को कहा है। उल्लेखनीय है कि रांची के सिरमटोली फ्लाईओवर का रैंप हटाने के लिए कुछ लोगों ने 30 मार्च 2025 को जुलूस निकालकर उग्र प्रदर्शन किया था। उग्र प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बैरिकेडिंग तोड़ने के साथ-साथ विधि व्यवस्था में बाधा डाली थी। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस बल के साथ धक्का-मुक्की की और छीना-झपटी की थी।

प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी, पुलिसकर्मी एवं दंड अधिकारियों ने इस दौरान संयम का परिचय दिया था और लॉ एंड ऑर्डर को मेंटेन किया था। इस घटना के खिलाफ 30 मार्च 2025 को चुटिया थाने में कांड संख्या (77/2025) के तहत मामला दर्ज कराया गया था।

# भारतीय नववर्ष पर श्री साहित्य कुंज मंच की काव्य गोष्ठी आयोजित



**संवाददाता**

**रांची:** अखिल भारतीय साहित्य परिषद 'रांची' ईकाई एवं श्री साहित्य कुंज 'रांची' के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय नववर्ष 'विक्रम संवत 2082' के अभिनंदन हेतु काव्य संध्या का आयोजन मोरहाबादी के आक्सीजन पार्क में किया गया। विधिवत रूप से मां वाणी की आराधना के साथ मां भारती के गुणगाण से गोष्ठी का आरंभ किया गया। इस गोष्ठी की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार, इतिहासविद , अधिवक्ता असित कुमार ने किया। वहीं मुख्य अतिथ्य में रिटायर डीएसपी. कामेश्वर कुमार और विशिष्ट अतिथि शिक्षाविद पकंज पुष्कर रहे। श्री साहित्य कुंज की अध्यक्ष प्रतिमा त्रिपाठी की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। सरस्वती वंदना सिम्मी नाथ ने की। वहीं गोष्ठी का सफल संचालन भावना अम्बष्टा ने किया।

अखिल भारतीय साहित्य परिषद् राँची ईकाई की अध्यक्ष मनीषा सहाय 'सुमन' ने गोष्ठी में आये सभी रचनाकारों को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय नववर्ष विक्रम संवत 2082 के शुभारंभ का यह आयोजन सार्वजनिक स्थान पर करने का उदेश्य है कि हम अपनी संस्कृति संस्कार सनातन प्रतिबद्धता के प्रति जागरूक हों। पाश्चात्य संस्कृति ने हमें हर ओर से नैतिक पतन और बिखराव दिया है। अतः हमारे समाज व राष्ट्र को सुदृढ़ और संगठित बनाने के लिये सनातन विचारों का प्रवाह व प्रतिबद्धता दोनो.ही जरूरी है। कुंज की अध्यक्ष प्रतिमा त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में सभी को चैत्र नवरात्रि की शुभकामनाओं के साथ समाज के प्रति रचनाकार लेखकों की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए भारतीयता पर गर्व करने का संदेश दिया। आयोजन की अध्यक्षता कर रहे असित कुमार ने कहा कि भारत विश्व की प्राचीनतम सभ्यता व संस्कृतिक धरोहर का राष्ट्र रहा है। यह गर्व का विषय है। इस काव्य गोष्ठी में पुष्पा सहाय,भावना अम्बष्ठा, ऋतुराज वर्षा, मधुमिता साहा,सिम्मी नाथ ,निर्मला कर्ण, सुनीता अग्रवाल, पूनम वर्मा, चेतना यादव, रंजन बरनवाल, राज जी यादव पंकज पुष्कर, कामेश्वर कुमार, बालाशंकर,अमन निराला, रंजन वर्णवाल शिवांगी कुमारी व अन्य ने कविता पाठ कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया।



## सरहुल महापर्व पर 2 दिन के अवकाश की घोषणा का कांग्रेस ने किया स्वागत

**रांची:** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सरहुल महापर्व पर राज्य में 2 दिनों की छुट्टी की घोषणा की है। इस संबंधी सीएम सोरेन ने अपने आधकारिक अकांउट 'एक्स' पर पोस्ट शेयर कर लिखा, "पिछले कई वर्षों से सरहुल के अवसर पर 2 दिन के राजकीय अवकाश की मांग उठ रही थी।" वहीं, सरहुल के अवसर पर दो दिनों के अवकाश की घोषणा का कांग्रेस ने स्वागत किया है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि सरना धर्मावलंबियों और सामाजिक, आदिवासी संगठनों की बरसों पुरानी चिर परिचित मांग को पूरा करने के बाद आदिवासी समुदाय में हर्ष और उल्लास का वातावरण है। सरहुल के अवसर पर सरकार की ओर से समुदाय को दिया गया विशिष्ट उपहार है। उन्होंने कहा कि सरहुल पर 2 दिनों का अवकाश स्वागत योग्य है।

कमलेश ने कहा कि प्रकृति पूजन का यह महान पर्व समाज के सभी समुदायों को एक कड़ी में जोड़ने का भी कार्य करता है। यह सिर्फ एक त्यौहार नहीं बल्कि आदिवासी अस्मिता का प्रतीक भी है। यह पर्व आदिवासी संस्कृति, प्रकृति, इतिहास और समाज के साथ जुड़े रहने का संदेश देता है। आज का दिन प्रकृति के नए जीवन चक्र का है और यह हमें पृथ्वी पर एक संतुलित जीवन का रास्ता दिखाती है।

# धूमधाम से मना प्रकृति पर्व सरहुल, निकाली गई शोभायात्रा

- झांकी के जरिये सरना धर्म कोड की उठी मांग
- बिजली की रंग-बिरंगी रोशनी में झूमते-नाचते लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था





**रांची:** सरहुल के मौके पर निकाली गई शोभायात्रा मंगलवार देर रात तक चलती रही। इस शोभायात्रा में विविध रंगों में सजे जनजाति समुदाय की भारी भीड़ राजधानी के मेनरोड से गुजरती रही। हालत ऐसी कि अल्बर्ट एक्का चौक पर खड़ा होने तक की जगह लोगों को नहीं मिल रही थी। देर रात तक बिजली की रंग-बिरंगी रोशनी में झूमते-नाचते लोगों का उत्साह देखते ही बन रहा था। खास बात यह कि शोभायात्रा में पुरुषों के मुकाबले महिलाओं की संख्या अधिक थी। शोभायात्रा की कमान संभाले युवाओं की टोली ने इसे यादगार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। जिसके कारण देर रात तक सड़कों पर हजारों लोग प्रकृति के इस महापर्व का आनंद उठाते रहे।

झांकी के जरिए सरना धर्म कोड की उठी मांगः सरहुल के मौके पर निकाली गई एक दर्जन से अधिक झांकियों में सरना धर्म कोड की मांग सबसे चर्चा का विषय बना रहा। झांकी के जरिए धर्मांतरण की एक वजह सरना धर्म कोड अब तक लागू नहीं होना बताया गया। इस झांकी में बड़े बड़े अक्षरों में सरना धर्म नहीं होने के कारण मजबूरीवश अन्य धर्मो को अपनाने और सरकारी नौकरी आवेदन में अन्य कॉलम हटाए जाने के कारण मजबूर होकर दूसरे धर्म के कॉलम में सहमति दिए जाने की बात लिखकर इशारा किया गया है।

सिरमटोली केंद्रीय सरना स्थल विवाद पर भी सरहुल शोभायात्रा के दौरान बड़े ही आकर्षक ढंग से झांकी निकाली गई, जिसमें आदिवासियों के धार्मिक सांस्कृतिक स्थल को संरक्षित करने पर जोर दिया गया। देर रात तक चले इस शोभायात्रा के दौरान अल्बर्ट एक्का चौक पर पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय, जेएमएम महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य सरीखे नेता मौजूद रहे।

## सूक्ति

**मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:**
**अटल बिहारी वाजपेय**

## अनावश्यक विवाद

**राष्ट्रीय** स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ नेता भैया जी जोशी का औरंगजेब की कब्र से संबंधित बयान महत्वपूर्ण है और इसके विशिष्ट मायने भी हैं। उन्होंने कहा है कि इस विषय को अनावश्यक रूप से उठाया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भी विवाद को उठाने की जबरिया कोशिश को निरर्थक बताते हुए कहा है कि औरंगजेब की कब्र एक संरक्षित स्मारक है इसलिए इसे तोड़ने या हटाने का कोई अचित नहीं है,लेकिन औरंगजेब जैसे संप्रदायवादी कट्टर शासक का महिमामंडन सहन नहीं किया जाएगा। इससे पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत भी कह चुके हैं कि हर मस्जिद के नीचे मंदिर तलाशना उचित नहीं है। अगर संघ प्रमुख और संघ के वरिष्ठ नेता की ओर से इस तरह के बयान आते हैं तो वे अकारण नहीं है। संघ एक संजीदा, लक्ष्य बद्ध और दूरगामी संकल्पों वाला हिन्दू संगठन है जिसकी कार्यप्रणाली और वैचारिक अभिव्यक्ति में उच्छृंखलता, अभद्रता या मयार्दाविहीनता लक्षित नहीं होते। उसकी निष्ठा हिन्दुओं को विशेष लक्ष्य के प्रति सचेत बनाकर संगठनबद्ध करके भारतीय राष्ट्र के उस सांस्कृतिक ढांचे में डालना है जिसे वह राजनीतिक तौर पर भारतीय संस्कृति के नाम से अभिहित करता है। उसका एक बड़ा लक्ष्य भारतीय हिन्दुओं को क्षुद्र मतभेद भुलाकर विराट हिन्दू जाति के रूप में संगठित करना है जिससे उसे वांछित राजनीतिक शक्ति प्राप्त हो, लेकिन जब हिन्दुओं को संघ से इतर संगठन जिन्हें प्रायः संघ का अनुषांगिक संगठन कहा जाता है, अप्रत्याशित घटनाओं को अंजाम देते हैं, अनावश्यक विभाग खड़ा करते हैं। यानी नफरती बयान देते हैं तो ये तत्काल ही संघ की बदनामी का कारण बन जाते हैं और संघ की आलोचनाओं के घेरे में आ जाता है जिससे उसके भविष्यगामी उद्देश्य में बाधा पहुंचती है। इसलिए संघ चाहता है कि हिन्दू संगठन या हिन्दू समूह ऐसे विवादों को जन्म न दें जिससे सामाजिक या सांप्रदायिक वैमनस्य बढ़ता हो, कानूनी संकट खड़ा होता हो और इन्हें लेकर संघ या भाजपा को सफाई देनी पड़ती हो। संघ इसीलिए समय- समय पर फुटकर हिन्दू समूहों की आलोचना करता है। वैसे भी यह संघ की जिम्मेदारी बनती है कि वह इस तरह के समूहों को नियंत्रण में रखे और उन्हें कानून-व्यवस्था विरोधी तत्वों के रूप में उभरने न दे।

## स्मार्ट सिटी कितनी हकीकत

**अब** अर्ज किया है कि स्थिति में हिमाचल के दो स्मार्ट शहर अपनी हस्ती का सामान लेकर आए हैं। देश ने करीब दस साल पहले सौ स्मार्ट सिटी के कदम चुने, तो वकालत के चश्मों ने सर्वप्रथम धर्मशाला देखा, फिर शिमला को निहारा और इस तरह हिमाचल में शहरीकरण को एक नए पहलू में अंगीकार किया गया। यह दीगर है कि इस फैसले में फासले बहुत रहे हैं और यही वजह है कि तीसरी मोहलत मार्च आते-आते गुजर गई और अब फिर अर्जियां खाली तख्तियों पर गुजारिश कर रही हैं। न धर्मशाला की परियोजनाएं और न ही शिमला की महत्त्वाकांक्षा में स्मार्ट सिटी अपनी जवानी में आई। एक मुकाबला इन दोनों शहरों के बीच व्यवस्था का भी रहा और खींचतान से समय की बबार्दी कर दी। प्रदेश की पहली स्मार्ट सिटी घोषित होते ही धर्मशाला को नाको चने चबाने के लिए भाजपा के सुरेश भारद्वाज अदालत सिर्फ इसलिए चल गए कि यह चयन शिमला की छाती पर मूंग दल रहा था। यही सुरेश भारद्वाज जब शहरी विकास मंत्री बनते हैं, तो शिमला स्मार्ट सिटी की पलकें खोलने के बजाय धर्मशाला के कई रोशनदान बंद करने लगे और इस अखाड़े में परियोजनाएं सिकुड़ गईं, राज्य सरकार की हिस्सेदारी बदल गई। अगर डबल इंजन सरकार की नीयत से भाजपा की तत्कालीन सरकार पैरवी करती तो अंग्रेजों के बसाए दो शहर हिमाचल के शहरी विकास को आगे के लिए एक मॉडल की हैसियत और शहरी आर्थिकी को प्रमाणित करते। भले ही सुरेश भारद्वाज धर्मशाला के इंटेग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल एरिया को दरी समझकर शिमला में बिछाने की कोशिश करते रहे, लेकिन इससे स्मार्ट सिटी का आधारभूत प्रारूप ही चोटिल हो गया। ऐसा नहीं इस दौरान सरवीण चौधरी भी कुछ समय शहरी विकास मंत्री रहीं, लेकिन वह धर्मशाला के तत्कालीन विधायक स्व. किशन कपूर के साथ व्यक्तिगत विवादों के कारण स्मार्ट सिटी परियोजना के महत्त्व को समझ ही नहीं पाईं। आज जब पुनः दो स्मार्ट सिटी परियोजनाएं मुकम्मल होने की दरख्वास्त दे रही हैं, तो इसे राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य में भी समझना होगा। राष्ट्रीय स्तर पर अन्य 84 स्मार्ट शहरों में करीब पंद्रह हजार करोड़ के कार्य अधूरे हैं। हिमाचल में शिमला के बजाय धर्मशाला में कुछ हद तक परियोजनाओं के अर्थ दिखाई देते हैं, लेकिन दोनों ही शहरों में स्मार्ट सिटी के धन से सरकारों ने अपने विभागीय खर्च के वैकल्पिक मार्ग चुने हैं। मसलन शिमला में बीस तो धर्मशाला में 15 इलेक्ट्रिक बसों पर करोड़ों खर्च करके इन्हें बिना शर्त-बिना फर्ज अदा किए एचआरटीसी को सौंप दिया। क्या इससे शहरी या स्थानीय परिवहन सेवाओं में सुधार हुआ। धर्मशाला में अगर स्मार्ट सिटी परियोजना के तहत एक बहुआयामी बस स्टैंड विकसित होता, तो आय का संचार भी होता, लेकिन इसके बजाय एचआरटीसी की वर्कशाप में बारह करोड़ लगा दिए गए। स्मार्ट सिटी जोनल अस्पताल को मशीनें, स्कूलों के स्मार्ट रूम और उधर शिमला में एंट्री गेट, बुक कैफे और लोहे व कंक्रीट के जाल बुन रही थीं। शिमला में दो बस अड्डों व लिफ्टों का निर्माण, धर्मशाला में अंतरराष्ट्रीय स्तर का फुटबाल ग्राउंड व फूड स्ट्रीट जैसी परियोजनाएं सार्थक हो सकती हैं, लेकिन अभी भी रेहड़ी-फड़ी वाले फुटपाथों पर घमासान मचाए हुए हैं, ट्रैफिक और पार्किंग व्यवस्था शहरी जीवन को अफरातफरी में फंसाए हुए हैं। बस स्टाफ सिर्फ बनाए गए, सुविधा के लिए चलाए नहीं गए। कहना न होगा स्मार्ट सिटी के विजन को हिमाचल का शहरीकरण न कुछ सीख और न ही कुछ कर पाया। यह दीगर है कि अब शिमला-धर्मशाला में नगर निगमों के बाद होड़ यह है कि इनकी संख्या पटवारखानों की तरह बढ़ जाए, लेकिन परिकल्पना, बजट और आर्थिक स्त्रोत क्या होंगे, कोई नहीं जानता। कौनसा शहर किस रूप-किस प्रारूप में बेहतर नागरिक सुविधाओं और आर्थिक क्षमता में निखर सकता है, कोई कल्पना नहीं। बहुत पहले स्व. सुखराम ने मंडी शहर के केंद्रीय हिस्से की व्यथा को इंदिरा मार्किट की क्षमता में बदल दिया था। आज भी मंडी शहर की रुह यहीं आबाद होती है। हिमाचल में शहरीकरण को बेहतर ढंग और नीयत से समझने की जरूरत है, ताकि प्रदेश का हर शहर पर्यटन, मनोरंजन व नागरिक सुविधाओं से संपन्न हो। फिलहाल, शिमला और धर्मशाला के शहरी विकास को मॉडल बनाने के लिए इच्छाशक्ति की जरूरत है। केंद्र को यह समझाने की जरूरत है कि हिमाचल में ऐसी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए माकूल जमीन, निर्माण के मानदंड और वनापत्तियों से वर्षों जूझना पड़ता है।

# साजिशों के साये में बेरोजगार युवा

‘अपहरण व कत्ल जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देने के लिए गैंगस्टरों को बेरोजगार युवा शूटरों की जरूरत रहती है। गैंगस्टर व शूटर बनने की कातिलाना ख्वाहिश में मौत से बेपरवाह होकर युवा अपना मुस्तकबिल बर्बाद कर रहे हैं। इंतखाबी दौर में युवाओं के बेहतर मुस्तकबिल के लिए कई वादे किए जाते हैं। लेकिन सियासत का किरदार कभी मुखलिस नहीं होता। इख्तिदार हासिल होने के बाद तर्ज-ए-सियासत का मिजाज बदल जाता है। आम लोगों को हुक्मरानों के दीदार दुर्लभ हो जाते हैं। बेरोजगारी, महंगाई व नशाखोरी जैसे संवेदनशील मसले सियासत के मरकजी मुद्दे बनने चाहिए, मगर जाति-मजहब की तजुर्मानी करने वाली सियासत आक्रांताओं के महिमामंडन व आरक्षण के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकल पा रही। किसान-मजदूर व बेरोजगार युवाओं की आजिजी पर चर्चा नहीं होती। गर्दिश-ए-तकदीर को कोस रहे बेरोजगार युवा महंगाई की मार झेलें, भ्रष्टाचार से ग्रसित निजाम से निपटें, व्यवस्थाओं की मिन्नतें करें, अपनी डिग्रियां हाथों में पकड़ कर रोजगार कार्यालयों की तवाफ करें, चुनावी वादों पर भरोसा करें या मुकद्दर पर यकीन करें?’

**प्रताप सिंह पटियाल**

**आईपीएल** जैसा बेहद महंगा खेल आयोजन कराकर भारत दुनिया को अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था का पैगाम नसर करता है। बेशक भारत विश्व की पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था में शुमार कर चुका है। मगर हकीकत यह है कि प्रजातंत्र के भविष्य बेरोजगार युवा वर्ग के सितारे गर्दिश में हैं। बेरोजगारी देश में तशवीशनाक मसला बन चुकी है। बेरोजगारी के अजाब ने शिक्षित वर्ग के युवाओं का आत्मसम्मान व आत्मविश्वास छीन लिए हैं। चूंकि भारत में अक्सर सरकारी रोजगार करने वालों को ही इल्मदार समझा जाता है। सियासी रहनुमाओं को आलिम फाजिल माना जाता है। मुल्क के किसी भी निजाम में तब्दीली लाने की सलाहियत युवा वर्ग में ही है। इंतखाबी दौर में हुक्मरानों को अपनी सियासी बज्म की जीनत बढ़ाने के लिए सबसे ज्यादा जरूरत युवा वर्ग की ही होती है। सियासी रहनुमाओं को सत्ता के फलक तक पहुंचाने में भी युवा वर्ग का अहम किरदार है। मगर इसे इत्तेफाक कहें या बेरोजगारी की इंतेहा, मसला यह है कि अभिशाप बन चुकी बेरोजगारी की वजह से युवा डिप्रेशन में हैं। नशाखोरी व डंकी रूट के मकडजाल में फंस चुके युवाओं के अभिभावक डिप्रेशन में हैं।

विदेशों में नौकरी के हसीन ख्वाब दिखाकर युवाओं को फर्जी तरीके से विदेश भेजने का डंकी रूट व कबूतरबाजी जैसा करोड़ों रुपए का अवैध कारोबार लंबे समय से चल रहा है। ट्रैवल एजेंटों के राडार पर भी युवा हैं। ट्रैवल एजेंटों द्वारा फर्जी तरीके से विदेश भेजे गए ज्यादातर युवा बैरूने मुल्कों की जेलों में कैद हैं। नशा तस्करी के इल्जाम में जेलों में बंद ज्यादातर युवा हैं। युवा छात्रों को डाक्टर, इंजीनियर, आर्मी ऑफिसर, पायलट, जज तथा प्रशासनिक अधिकारी बनाने का ख्वाब दिखाने वाले कोचिंग सेंटरों का देश में हजारों करोड़ रुपए का कारोबार चल रहा है। कोचिंग के नाम पर लाखों रुपए की फीस भरने के बावजूद प्रतियोगी परीक्षाओं में असफलता के बाद अवसाद व डिप्रेशन का शिकार होकर युवा छात्र आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। उच्च शिक्षण संस्थानों में रैगिंग का साया भी युवा छात्रों का पीछा करता है। शिक्षा के नाम पर देश के हजारों छात्र प्रति वर्ष विदेशी शिक्षण संस्थानों का रुख करते हैं। करोड़ों रुपए की महंगी फीस से विदेशी शिक्षण संस्थानों की अर्थव्यवस्था को गुलजार करने वाले भारतीय छात्र विदेशों में नस्लीय हमलों का शिकार होते हैं। भारतीय मूल के छात्रों तथा विदेशों में काम करने वाले युवाओं की हत्याएं की जाती हैं। दहशतगर्दी को जीवित रखने के लिए आतंक के आकाओं को सबसे ज्यादा जरूरत युवा वर्ग की है। अलगाववाद व चरमपंथ की आग भडकाने के लिए भी युवाओं को ही मोहरा बनाया जाता है। हमसाया मुल्क पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई भारत में अराजकता का माहौल पैदा करने के लिए हनी ट्रैप जैसे मंसूबे के जरिए जासूसी के लिए भारतीय युवाओं को अपने जाल में फंसाती है। हनी ट्रैप एक ऐसी साजिश है जिसमें महिला जासूसों का इस्तेमाल करके देश की कई संवेदनशील जानकारियां हासिल की जाती हैं। हनी ट्रैप के एजेंटों के निशाने पर भी ज्यादातर बेरोजगार युवा हैं। हनी ट्रैप का जाल सोशल मीडिया के जरिए फैलाया जाता है। सोशल मीडिया का सबसे बड़ा शिकार भी युवा वर्ग ही है। कई विभागों के अहलकार व युवा अधिकारी तथा बेरोजगार युवा हनी ट्रैप का शिकार होकर सलाखों के पीछे हैं। समाज में संगीन वारदातों के बढ़ते ग्राफ का सबब भी बेरोजगारी है। अपहरण व कत्ल जैसी संगीन वारदातों को अंजाम देने के लिए गैंगस्टरों को बेरोजगार युवा शूटरों की जरूरत रहती है। गैंगस्टर व शूटर बनने की कातिलाना ख्वाहिश में मौत से बेपरवाह होकर युवा अपना मुस्तकबिल बर्बाद कर रहे हैं। इंतखाबी दौर में युवाओं के बेहतर मुस्तकबिल के लिए कई वादे किए जाते हैं। लेकिन सियासत का किरदार कभी मुखलिस नहीं होता। इख्तिदार हासिल होने के बाद तर्ज-ए-सियासत का मिजाज बदल जाता है। आम लोगों को हुक्मरानों के दीदार दुर्लभ हो जाते हैं। बेरोजगारी, महंगाई व नशाखोरी जैसे संवेदनशील मसले सियासत के मरकजी मुद्दे बनने चाहिए, मगर जाति-मजहब की तजुर्मानी करने वाली सियासत आक्रांताओं के महिमामंडन व आरक्षण के चक्रव्यूह से बाहर नहीं निकल पा रही। किसान-मजदूर व बेरोजगार युवाओं की आजिजी पर चर्चा नहीं होती। गर्दिश-ए-तकदीर को कोस रहे बेरोजगार युवा महंगाई की मार झेलें, भ्रष्टाचार से ग्रसित निजाम से निपटें, व्यवस्थाओं की मिन्नतें करें, अपनी डिग्रियां हाथों में पकड़ कर रोजगार कार्यालयों की तवाफ करें, चुनावी वादों पर भरोसा करें या मुकद्दर पर यकीन करें? रोजगार की जुस्तजू में बैरूने मुल्कों में मुहाजिर बनने को मजबूर बेरोजगारों के रंज-ओ-गम को महसूस करने के लिए सियासी नजर-ए-करम की निहायत जरूरत है। डंकी रूट, कबूतरबाजी, ड्रग्स माफिया, दहशतगर्दी, गैंगस्टरों व हनी ट्रैप जैसे फ्रॉड तथा चरमपंथी ताकतों का नेटवर्क बेरोजगार युवाओं की तलाश करता है।

नशाखोरी, डंकी रूट व हनी ट्रैप जैसे षड्यंत्रों ने सैकड़ों बेरोजगार युवाओं को अपराधियों की फेहरिस्त में शामिल कर दिया है। साजिशों के साथ तमाम तोहमतें भी बेरोजगारों का ही पीछा करती हैं। आरोपियों को गुनाहगार के नजरिए से देखा जाता है। हमारे मुल्क का अदालती निजाम अंग्रेजों द्वारा बनाया गया है। अदालतों में आरोपियों को बेगुनाह साबित होने में मुद्दतें गुजर जाती हैं। ताजिरात-ए-हिंद के पैरोकार व कानूनी दावपेंच में माहिर आईन के मुनाजिरों से इंसाफ की आस में अभिभावकों की चश्म-ए-पलक की रौशनी छिन जाती है। न्याय की देवी के मंदिरों की चौखट पर तारीख पे तारीख मिलती है। जम्हूरियत की पंचायतों के सेशन हंगामों की भेंट चढ़ जाते हैं। सियासी निजाम से आश्वासन मिलते हैं।

# नारी, क्या तुम श्रद्धा हो?

‘पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चलने का अर्थ पुरुष के दुर्गुण, उसकी कमजोरियां ग्रहण करना नहीं है, अपितु ईश्वर प्रदत अपनी श्रेष्ठता बनाए रखना है। कहीं ऐसा तो नहीं कि घर की चारदीवारी से निकलने के बाद शिक्षित होने पर भी उस स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग किया जा रहा है कि युवतियां माता-पिता से बगावत कर अपनी पसंद की शादी करने के बाद एक बच्ची की मां बनकर भी पराए पुरुष से अवैध संबंध बनाकर उसके साथ मिलकर नशे में अपने पति को मार कर उसके टुकड़े कर ड्रम में सीमेंट में सील कर देती है।’

**कविता सिसोदिया**

**नारी** मां, बहन, पुत्री, पत्नी के रूप में अपनी विशेष महत्वपूर्ण भूमिका निभाती आई है। उसके आगे ईश्वर को भी झुकना पड़ा। वह सावित्री बनकर अपने अल्पायु पति को अपनी बुद्धिमत्ता और पतिव्रता के तेज से यमराज को वापस देने के लिए विवश कर देती है। नारी में पुरुषों से अधिक सहनशीलता, दया, कोमलता, ममता और संवेदनशीलता होती है। एक कथन बुजुर्गों द्वारा कहा जाता रहा है कि किसी के घर में अगर सांप निकल जाए तो उसे अधिकतर डंडे से मार दिया जाता है। मरे सांप को देखकर नागिन विलाप करती है कि वहां पर क्या कोई नारी नहीं थी जो मेरे नाग को मारने से बचा देती अर्थात भारतीय नारी इतनी दयालु और धार्मिक है कि वह सांप में भी भगवान शिव को देखती है और उसे मारने वाले को रोककर सांप को जाने देती है। पर आज के इस विकसित युग में नारी के ये गुण कहां चले गए? आज नारी को अशिक्षा, शोषण, पर्दे की काल कोठरी से बाहर निकलकर पुरुषों के समान अधिकार और अवसर दिए जा रहे हैं। अब स्थिति यहां तक है कि आज की नारी जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। सच तो यह है कि संकल्प लेने वाली नारी पुरुष पर भी भारी है। किसी भी क्षेत्र में आगे बढना उसका अधिकार है तो अपनी गरिमा बनाए रखना उसका कर्तव्य है।

पुरुष के कंधे से कंधा मिलाकर चलने का अर्थ पुरुष के दुर्गुण, उसकी कमजोरियां ग्रहण करना नहीं है, अपितु ईश्वर प्रदत अपनी श्रेष्ठता बनाए रखना है। कहीं ऐसा तो नहीं कि घर की चारदीवारी से निकलने के बाद शिक्षित होने पर भी उस स्वतंत्रता का अनुचित प्रयोग किया जा रहा है कि युवतियां माता-पिता से बगावत कर अपनी पसंद की शादी करने के बाद एक बच्ची की मां बनकर भी पराए पुरुष से अवैध संबंध बनाकर उसके साथ मिलकर नशे में अपने पति को मार कर उसके टुकड़े कर ड्रम में सीमेंट में सील कर देती है। क्या यह वही नारी है जो सांप पर भी करुणा का सागर रखती है। अरे नारी तो वह अवतार है जो दुराचारी को भी सही राह दिखाती है। कहां गई पतिव्रता अनुसूया जिसने भगवान को भी बच्चा बनाकर गोद में ले लिया, दुश्मनों के हाथ न लगने वाली लक्ष्मीबाई, वह सीता जी जिसे रावण उंगली नहीं लगा पाया। एक सत्य कथन है कि नारी की छठी इंद्री उसे आभास दिला देती है कि उक्त पुरुष के मन में क्या है। फिर भी आज की युवती मां-बाप की अनुमति के बिना किसी के भी साथ भाग कर लीव इन रिलेशन में रहने लगती है और एक दिन उन लड़कियों के भी कई टुकड़े करके कभी फ्रिज में, कभी पॉलिथीन बैग में, कभी अटैची केस में फैंके मिले। ऐसे समाचार भी आम तौर पर आते रहते हैं कि महिला को शादी का झांसा देकर शोषण किया गया। कहीं ऐसा तो नहीं कि चारदिवारी से निकलने के बाद शिक्षित होने पर भी नारी अपना रास्ता भटक गई है। नारी का सौंदर्य उसके शील, उसकी प्रतिभा, उसकी सद्‌चरित्रता, शालीनता और विनम्रता में है, न कि निर्लज्जता, असभ्यता एवं अहंकार में। स्त्री-पुरुष गृहस्थी रूपी रथ के दो पहिए हैं। प्रकृति से मिले स्त्री-पुरुष के अलग-अलग गुणों से दोनों के समन्वय से ही गृहस्थ जीवन सुखी होता है। समानता का तात्पर्य यह कभी नहीं है कि स्त्री घर छोडकर बाहर ही काम करे। यदि आवश्यकता है तो बात दूसरी है, अन्यथा आवश्यकता न होने पर घर-परिवार में बुजुर्गों और संतान की अवहेलना करके धनार्जन या शौक के उद्देश्य से स्त्री का घर से बाहर जाना गृहस्थी के संतुलन को निश्चय ही डगमगा देता है। बहुत से संघर्षों को हम अपनी महत्वाकांक्षा के कारण जन्म देते हैं। आज मैट्रिक के बाद भी नारी नौकरी की तलाश में घूमती है। आज ऐसा समय आ गया है कि जब घर का कोई सदस्य किसी बीमारी या गंभीर दुर्घटना से लाचार होकर बिस्तर पर पड़ जाता है तो उसकी सहायता करने वाला परिवार में कोई नहीं होता क्योंकि सभी बाहर नौकरी करते हैं। कुछ संकुचित विचारों के पुरुषों के कारण नारी आर्थिक स्वतंत्रता चाहती है जहां पुरुष अपनी कमाई का रोब पत्नी पर चलाता है। पर सब जगह ऐसा नहीं है। पति बाहर काम करता है तो पत्नी अपना अमूल्य घर-परिवार संभालती है।

वह सेवा भावना से अपने परिवार को संभालती है। पति भी बाहर से कमाकर सारा धन घर की लक्ष्मी को सौंप देता है क्योंकि नारी को लक्ष्मी माना जाता है। कम आय में भी घर को चलाने की कुशलता प्रकृति ने नारी को ही दी है। नारी की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए संस्कृत में लिखा है- आदर्श स्त्री के छह गुण हैं : घर का काम सेवकों की तरह करें, शिक्षित इतनी हो कि अपने पति को मंत्री की तरह सलाह दे, खिलाने में वह माता की तरह दुलार दिखाएं, एक प्रेमिका, धर्मात्मा और क्षमाशील हो। आज नारी उच्च शिक्षा प्राप्त कर रही है, पर क्या वह पति को पूरी सलाह देती है, उसका मार्गदर्शन करती है, क्या प्यार से भोजन बनाकर बुजुर्गों और बच्चों को खिलाती है, यह ऐसे प्रश्न हैं जो शायद बहुत ही उलझ गए हैं। किसी समय कहा जाता था कि पुरुष अगर प्रश्न है तो नारी उसका उत्तर। आज नारी स्वयं प्रश्न बनकर रह गई है। कुछ नारियां पुरुषों को सही राह दिखाने के स्थान पर उनके साथ नशा तस्करी जैसे कई अवैध कार्यों में संलिप्त पाई गईं। प्राचीन युग की नारी अशिक्षित थी, पर बचपन में ही अपनी दादी, नानी, मां से शिक्षाप्रद धार्मिक कथाएं सुनती थी। उन्हें अच्छे संस्कार दिए जाते थे। पर आज की युवती अंग्रेजी शिक्षा पाती है। उनकी दृष्टि में विवाह एक समझौता है, जब तक चला ठीक है, नहीं तो तोड़ दिया। पर पाश्चात्य संस्कृति में भी कई उदाहरण ऐसे मिल जाएंगे जहां पति-पत्नी आजीवन एक-दूसरे का साथ निभाते हैं। एक ओर निम्न मध्यम वर्गीय परिवार है जिनकी महिलाएं पीठ पर बच्चा बांधकर मजदूरी करती हैं। नशेड़ी पति की मार भी सहती हैं और घर का खाना, कपड़े इत्यादि भी करती हैं। गांव में स्त्री-पुरुष मिलकर कृषि का काम करते थे, पर वहां भी जमा दो करने के बाद कोई कृषि नहीं करना चाहता। दूसरी तरफ मध्यम वर्गीय परिवार की स्त्रियां अपने घर-परिवार, बच्चों-बुजुर्गों को पराया समझती हैं और बाहर नौकरी करना चाहती हैं। बहरहाल, परिवार को बारीकी से समझने की योग्यता ईश्वर ने नारी को ही दी है। नारी एक अमूल्य घर-परिवार की स्वामिनी होती है। उसका स्थान इतना उच्च है कि उस स्थान तक कोई पराया कभी नहीं पहुंच सकता। बदलती स्थितियों में नारी की नई भूमिका पर चिंतन की जरूरत है।

## चरित्र

### चिंतन-मनन

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**चरित्रवान** बनने के लिए अपनी आत्मिक शक्ति जगाने की आवश्यकता होती है। तप, संयम और धैर्य से आत्मा बलवान बनती है। कामुकता, लोलुपता और इंद्रिय सुखों की बात सोचते रहने से ही आत्मशक्ति का ह्रास होता है। विचारों को शक्ति और दृढ़ता प्रदान करने वाला साहित्य आत्म-निर्माण में बड़ा योग देता है। अच्छी पुस्तकों से प्राप्त प्रेरणा सच्चे मित्र का कार्य करती हैं। साहित्य का चुनाव करते समय देख लेना अनिवार्य है कि उसमें मानवता के अनुरूप विषयों का संपादन हुआ है अथवा नहीं? हमारी वेशभूषा और खानपान भी हमारे विचारों तथा रहन- सहन को प्रभावित करते हैं। भड़कीले,चुस्त और अजीब फैशन के वस्त्र मस्तिष्क पर अपना दूषित प्रभाव डालने से चूकते नहीं। इनसे हर घड़ी सावधान रहें। वस्त्रों में सादगी और सरलता मनुष्य की महानता का परिचय है। इससे किसी भी अवसर पर कठिनाई नहीं होती। मन ,बुद्धि की निर्मलता, पवित्रता पर इनका सौम्य प्रभाव पड़ता है। यही बात खानपान के संबंध में भी है। आहार की सादगी और सरलता से विचार भी वैसे ही बनते हैं। मादक द्रव्य, मिर्च, मसाले, मांस जैसे उत्तेजक पदार्थों से चरित्र- बल क्षीण होता है और पशुवृत्ति जागृत होती है। खानपान की आवश्यकता स्वस्थ रहने के लिए होती है न कि विचार- बल को दूषित बनाने को। आहार में स्वादप्रियता से मनोविकार उत्पन्न होते हैं। अतः जो भोजन ग्रहण करें वह जीवन रक्षा के उद्देश्य से हो तो भावनाएं भी ऊर्ध्वगामी बनती हैं। चरित्र- रक्षा प्रत्येक मूल्य पर की जानी चाहिए। इसके छोटे-छोटे कार्यों की भी उपेक्षा करना ठीक नहीं। उठना, बैठना, वातार्लाप, मनोरंजन के समय भी मयार्दाओं का पालन करने से उक्त आवश्यकता पूरी होती है। सभ्यता का चिह्न सच्चरित्र, सादा जीवन और उच्च विचारों को माना गया है। इससे जीवन में मधुरता और स्वच्छता का समावेश होता है। जीवन की संपूर्ण मलिनताएं नष्ट होकर नये प्रकाश का उदय होता है। जिससे लोग अपना जीवन लक्ष्य तो पूरा करते ही हैं औरों को भी सुवासित तथा लाभान्वित करते हैं। जीवन सार्थकता की साधना चरित्र है। सच्चे सुख का आधार यही है। इसलिए प्रयत्न यही रहे कि हमारा चरित्र सदैव उज्वल रहे उद्दात्त रहे।

## आपके पत्र

### आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का बढ़ता महत्त्व

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने हाल ही में एक बार फिर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि एआई के क्षेत्र में देश तेजी से अपनी पहचान बना रहा है। एआई के क्षेत्र में युवा तेजी से आगे बढ़ रहे हैं और नई ऊंचाइयों को छू रहे हैं। उन्होंने पेरिस के दौरे का जिक्र करते हुए कहा कि मैं एआई के सम्मेलन में भाग लेने के लिए वहां गया था। इस दौरान दुनिया ने इस सेक्टर में भारत की प्रगति की जमकर सराहना की।

असल में एआई को लेकर कहा जा रहा है कि इससे नौकरियां खत्म होंगी, लेकिन यह पूरा सच नहीं है। यह बात कुछ हद तक ठीक है कि इससे रोजगार जाएंगे, लेकिन कुछ क्षेत्रों में ही ऐसा होगा और वह भी काफी कम मात्रा में। इसके उलट कई सेक्टरों में नई नौकरियां भी पैदा होंगी।

**मनीष चौधरी, रांची**

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :** www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

## न्यूज ब्रीफ

### पांचवी बार राजेंद्र प्रसाद सिन्हा बने जेएमएम के जिलाध्यक्ष

**मेदिनीनगर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय नेतृत्व ने राजेंद्र प्रसाद सिन्हा को पांचवीं बार पलामू जिला अध्यक्ष मनोनीत किया है। इसकी खबर लगते ही कार्यकताओं में खुशी की लहर दौड़ गई। जिलाध्यक्ष ने केंद्रीय अध्यक्ष गुरुजी, कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेन सहित केंद्रीय नेतृत्व के प्रति दायित्व निर्धारण के लिए आभार जताया है। उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरने का संकल्प जताया है। कहा कि 24 घंटे उनके दरवाजे कार्यकताओं एवं पलामू वासियों के लिए खुले रहेंगे। कार्यकताओं ने हर्ष जताते हुए कहा कि राजेंद्र प्रसाद के नेतृत्व में जेएमएम पलामू में प्रमुख राजनीतिक शक्ति बन गई है।

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल

**पलामू:** जिले केबी मोड़ से ऊंटारी रोड़ जाने वाली मुख्य सड़क पर कुल्ही ईंट भट्ठे के नजदीक खजुरिया नाला के समीप मंगलवार को नीलगाय के धक्के से तीन बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिर गए. जिससे तीनों घायल हो गए. राहगीरों ने मौके पर एंबुलेंस बुलाकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर भेजवाया. सभी मोहम्मदगंज थाना क्षेत्र के लिमुआटिकर बिहरा गांव के निवासी अमित कुमार, अभिषेक कुमार सिंह व विवेक शर्मा हैं.
मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की शाम एक ही बाइक पर तीनों केबी मोड़ से ऊंटारी रोड़ की ओर जा रहे थे. तभी रास्ते में कुल्ही खजुरिया नाला के नजदीक मुख्य मार्ग पर सड़क पार कर रही नीलगाय से टकरा गए. जब राहगीरों ने देखा तो एंबुलेंस को सूचना देकर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र विश्रामपुर भेजवाया.

### पोखरा से नीलगाय बाहर निकाला

**हरिहरगंज:** पिपरा प्रखंड के सरैया पंचायत अंतर्गत पुनपुन उद्गम स्थल कुंड पर बने पोखरा में एक नीलगाय की गिर गया था। ग्रामीणों ने मंगलवार को उसे सुरक्षित बाहर निकाला। बाद में ग्रामीणों ने नीलगाय को जंगल में छोड़ दिया। नीलगाय पानी की तलाश में जंगल से पोखरा के पास आ गया था। पुनपुन उद्गम स्थल विकास समिति के युवा मोर्चा अध्यक्ष सागर सिंह ने बताया कि ग्रामीणो ने देखा कि पोखरा में एक नीलगाय गिर गया है। इसके बाद सामूहिक प्रयास से उसे बाहर निकाला गया।

### झारखंड मजदूर संघ की बैठक कल

साहिबगंजःशहर के मछुआ सोसायटी में कल झारखंड मजदूर संघ प्रजा०जिला कमिटी की बैठक जिला अध्यक्ष मिथुन कुमार यादव की अध्यक्षता में होगी।बैठक में संगठन मजबूती और आंदोलन की रणनीति को लेकर चर्चा किया जाएगा।जिला अध्यक्ष ने इस बैठक में कमिटी के सभी लोगों को भाग लेने को कहा।बैठक की जानकारी जिला महामंत्री मोहम्मद इमाम विश्वास ने दी है।

### राजस्थान पुलिस आरोपी के तलाश में पहुंचे राजमहल

साहिबगंजः राजमहल में राजस्थान पुलिस करीब दस साल पहले हुई चोरी के के मामले में आरोपी की तलाश के लिए साहिबगंज जिला राजस्थान पुलिस पहुंची। मिली जानकारी के अनुसार जयपुर स्थित विधायकपुरी थाना क्षेत्र में चोरी की घटना को लेकर पीडीत के बयान पर केस दर्ज हुआ था।जो घटना को अंजाम देने वाला आरोपी राजमहल थाना क्षेत्र के रहने वाले जामनगर निवासी था। उसकी तलाश में विधायकपुरी थाना पुलिस ने स्थानीय पुलिस को लेकर छापामारी किया।

### मारवाड़ी समाज की महिलाओं ने की गणगौर पूजा

साहिबगंजःमारवाड़ी समाज की महिलाओं ने बड़े धूमधाम के साथ गणगौर पर्व मनाया। गणगौर पर्व मारवाड़ी समाज का एक प्रमुख त्योहार है। जिसे अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। क्योंकि वे अपने पति की लंबी उम्र और सुखमय जीवन के लिए इस अवसर पर पूजा अर्चना करती हैं।

### लोगों को खूब भाता है नौलखा मंदिर और त्रिकुट पर्वत

देवघर : बाबा बैद्यनाथ धाम और यहां लगने वाले श्रावणी मेले के कारण काफी मशहूर है. यहां सालों भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है. वहीं श्रावण मास में यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती है. दूर-दूर से लाखों श्रद्धालु यहां बाबा के दर्शन करने पहुंचते हैं. बाबा बैद्यनाथ धाम के अलावा भी देवघर में कई खूबसूरत मंदिर और पर्यटन स्थल है. जहां आप मंदिर के दर्शन करने के साथ ही खूबसूरत नजारों का आनंद उठा सकते हैं. बाबा बैद्यनाथ धाम की भांति ही इन सभी मंदिरों का भी अपना विशेष महत्त्व है. अधिकतर लोग देवघर आकर केवल बाबा बैद्यनाथ धाम के दर्शन कर वापस लौट जाते हैं. लेकिन, अगर आप देवघर आते हैं तो आप अन्य पर्यटन स्थलों का भी आनंद उठा सकते हैं. देवघर में आप हसीन वादियों के बीच रोपवे और भक्ति का भी आनंद उठा सकते हैं.
नौलखा मंदिर बाबा बैद्यनाथ धाम से महज 1.5 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. इस मंदिर की संरचना बेलूर मंदिर की भांति है. इस मंदिर में राधा-कृष्ण की प्रतिमा स्थापित है. मंदिर परिसर में राधा-कृष्ण के दर्शन और पूजन के लिए भक्तों का तांता लगा रहता है. मंदिर देखने में बेहद ही खूबसूरत और भव्य है. यह मंदिर वास्तुकला का एक बेहतरीन उदाहरण है. 146 फीट ऊंचे नौलखा मंदिर का निर्माण पश्चिम बंगाल के पथुरिया घाट राज घराने की रानी चारूशिला के द्वारा 1941 में कराया गया था. कहा जाता है कि इसके निर्माण में 9 लाख रुपये की लागत आई थी. इसलिए इसका नाम नौलखा मंदिर पड़ा है.
बाबा बासुकीनाथ धाम देवघर झ्र दुमका राज्य राजमार्ग पर स्थित है. बाबा बैद्यनाथ में जल अर्पित करने के बाद श्रद्धालु सीधा बाबा बासुकीनाथ धाम पहुंचते हैं. मान्यता भी है कि जब तक बासुकीनाथ के दर्शन न किए जाए तब तक बाबा बैद्यनाथ की यात्रा अधूरी ही मानी जाती है. बासुकीनाथ मंदिर बैद्यनाथ ज?योतिर्लिंग मंदिर से लगभग 42 किलोमीटर दूर है.
त्रिकुट पर्वत देवघर में सबसे रोमांचक पर्यटन स्थलों में से एक है. यहां आप ट्रेकिंग, रोपेवे, वन्यजीवन एडवेंचर्स जैसे शानदार एक्टिविटी का आनंद उठा सकते हैं. इस पहाड़ में तीन चोटियां हैं जो हिंदू धर्म के तीनों देव- ब्रह्मा, विष्णु और महेश के नाम पर हैं. त्रिकूट पर्वत की सारी धार्मिक मान्यताओं के अलावा यहां 1 हजार 282 फीट की सबसे ऊंची चोटी पर ले जाने के लिए रोपवे भी बना हुआ है. जिसकी लंबाई 2 हजार 512 फीट है. 26 ट्रॉलियों वाली ये रोपवे एशिया की सबसे ऊंची रोपवे है, जो पर्यटकों को सिर्फ 8 मिनट में पर्वत के शिखर पर पहुंचा देती है.
नंदन पहाड़ बाबा बैद्यनाथ धाम से महज 3 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. शहर के किनारे एक छोटी-सी पहाड़ी है जी नंदन पहाड़ के नाम से प्रसिद्ध है. नंदन पहाड़ बच्चों के लिए बेहद रोमांचक जगह है. यहां एक बगीचा, तालाब और नंदन हिल एंटरटेनमेंट पार्क नाम का एक प्रसिद्ध थीम पार्क है. यहां सूर्योदय और सूर्यास्त के समय का दृश्य काफी मनोरम होता है. अक्सर पर्यटक यहां उगते सूर्य की लालिमा और डूबते सूर्य की बेहतरीन छठा देखने आते हैं.

# देवघर के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी

मेट्रो रेज संवाददाता

**देवघर:** झारखंड में चिकित्सकों की कमी हमेशा ही देखने को मिली है. राज्य के किसी भी सरकारी अस्पताल में मरीज को डॉक्टरों की कमी से जूझना पड़ता है. संथाल परगना की बात करें तो यहां के सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर्स की कमी है. लोगों को आए दिन सरकारी अस्पतालों में इलाज कराने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है.
देवघर जिला की बात करें तो यहां पर सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी है. इस कमी को पूरा करने के लिए अब निजी अस्पतालों के चिकित्सकों का सहारा लेना पड़ रहा है. देवघर जिला के स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन डॉ. वाईके चौधरी बताते हैं कि निजी अस्पताल से चिकित्सकों को सरकारी अस्पतालों में काम के लिए बुलाया जाएगा. उसमें ऐसे चिकित्सक शामिल होंगे जो सुपर स्पेशलिटी या फिर स्पेशलिस्ट होंगे.
डॉ. वाईके चौधरी ने बताया कि राज्य सरकार के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य विभाग के द्वारा यह निर्णय लिया जा रहा है. जिला में गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए डॉक्टरों की घोर कमी है. जनरल फिजिशियन या जनरल सर्जन पर्याप्त हैं लेकिन स्पेशलिस्ट डॉक्टर अभी भी कम है. इसीलिए सरकार के निर्देश पर जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से निजी अस्पतालों के ऐसे चिकित्सकों को काम करने के लिए बुलाया जाएगा जो स्पेशलिस्ट चिकित्सक हैं.
देवघर के निजी अस्पतालों में काम करने वाले न्यूरोलॉजिस्ट, नेफ्रोलॉजिस्ट, न्यूरो सर्जन से संपर्क किया जाएगा. उनसे सप्ताह में एक से दो दिन काम करने के



लिए आग्रह किया जाएगा. उन्होंने कहा कि कई विशेषज्ञ डॉक्टर अभी जिला में उपलब्ध नहीं है. लेकिन नेफ्रोलॉजिस्ट, कार्डियोलॉजिस्ट, न्यूरोलॉजिस्ट जैसे विशिष्ट चिकित्सक हमारे जिला में मौजूद हैं. वैसे चिकित्सकों से संपर्क कर इलाज के लिए आग्रह किया जाएगा.
सिविल सर्जन डॉ. वाईके चौधरी ने बताया कि निजी अस्पताल के डॉक्टरों को सरकारी अस्पतालों से पैनल्ड करने के लिए जिला प्रशासन की तरफ से एक इंटरव्यू आयोजित की जाएगी. इसके बाद डॉक्टर की योग्यता के हिसाब से उनको मानदेय भी दिया जाएगा. चिकित्सक डॉ. युगल किशोर चौधरी ने बताया कि जिला के स्पेशलिस्ट एवं सुपर स्पेशलिस्ट चिकित्सकों को चिन्हित किया जा रहा है और उनसे संपर्क साधना शुरू कर दिया गया है. बता दें कि देवघर के ग्रामीण एवं प्रखंड क्षेत्रों में बने अस्पताल सिर्फ एक डॉक्टर के भरोसे चलते हैं. ऐसे में अगर निजी अस्पतालों के चिकित्सकों से सरकारी अस्पतालों में मदद ली जाएगी तो निश्चित रूप से डॉक्टरों की कमी पूरी होगी. इसके साथ ही मरीजों को भी इलाज कराने में राहत महसूस होगी.

### रेल कर्मियों ने किया नई पेंशन स्कीम यूपीएस का विरोध

**मेदिनीनगर :** एक अप्रैल से लागू हो रही नई पेंशन स्कीम यूनाईटेड पेंशन स्कीम के देशव्यापी विरोध के मद्देनजर डालटनगंज में रेल कर्मचारियों ने मंगलवार को प्रदर्शन कर तत्काल प्रभाव से ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू किए जाने की मांग की। ईस्ट सेंट्रल रेलवे इम्प्लाईज यूनियन के सक्रिय सदस्य सचिन के नेतृत्व में कर्मचारियों ने कहा कि वे रेलवे की उन्नति में पूर्ण मनोयोग से दायित्व स्वीकार ही नहीं कर रहे हैं। बल्कि उसे पूरा भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे में रेलवे प्रबंधन को भी उनके सुरक्षित भविष्य की गारंटी देनी ही चाहिए। कर्मचारियों ने कहा कि वास्तव में नेशनल पेंशन स्कीम को ही नाम बदलकर यूपीएस कर दिया गया है। इससे उनको कोई लाभ नहीं मिल रहा है।

## पलामू में शराबी व्यक्ति ने की पत्नी की हत्या,बच्चे को लेकर पति फरार

मेट्रो रेज संवाददाता

**पलामू:** जिले के उंटारी रोड थाना क्षेत्र में एक व्यक्ति ने अपनी पत्नी की धारदार हथियार से हत्या कर दी है. हत्या के बाद पति अपने एक वर्ष के बच्चे को लेकर फरार हो गया है. घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले में छानबीन कर रही है.
पुलिस के अनुसार उंटारी रोड थाना क्षेत्र के लहर बंजारी के रहने वाले रंजीत कुमार यादव शराब की नशे में अपने घर पहुंचा. घर पहुंचने के बाद शराब की नशे में उसकी अपनी पत्नी रिंकी देवी के साथ बहस शुरू हुई थी. इसी बहस के दौरान रंजीत ने धारदार हथियार से रंजीत कुमार यादव ने अपनी पत्नी रिंकी देवी पर हमला कर दिया. इस हमले में रिंकी देवी गंभीर रूप से जख्मी हो गई. जिसके बाद रिंकी देवी को इलाज के लिए गढ़वा के



सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया. जहां उनकी मौत हो गई.
गढ़वा के सदर अस्पताल में ही मृतक के शव का पोस्टमार्टम किया गया है. उंटारी रोड के थाना प्रभारी प्रदीप कुमार दुबे ने घटना की पुष्टि की है. गढ़वा पुलिस ने मृतक के परिजनों का बयान लिया है. पुलिस पूरे मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है. रंजीत यादव की शादी दो वर्ष पहले रिंकी देवी के साथ हुई थी. रिंकी देवी पलामू के छतरपुर थाना क्षेत्र के लठेया की रहने वाली थी. एक वर्ष पहले एक बच्चा हुआ था, जिसे लेकर आरोपी रंजीत कुमार यादव फरार हो गया है.

### सरहुल महोत्सव में शामिल हुईं मंत्री दीपिका, महिलाओं संग किया नृत्य

**गोड्डा :** गोड्डा जिले में मंगलवार को प्रकृति पर्व सरहुल की धूम रही. आदिवासी समाज के लोगों पारंपरिक उल्लास के साथ त्योहार मनाया. इस मौके पर जिले के मेहरमा के उरांव आदिवासी टोला में सरहुल महोत्सव का आयोजन किया गया. महोत्सव में रांची की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह भी शामिल हुईं. उन्होंने आदिवासी युवतियों के साथ सामूहिक नृत्य में शामिल होकर जमकर नृत्य किया. मंत्री ने कहा कि पूरे झारखंड में यह त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है. बड़ी संख्या में आदिवासी भाई-बहन इसमें शामिल होकर त्योहार का आनंद ले रहे हैं. उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहार समाज के अभिन्न हिस्सा हैं. विविधता ही हमारी पहचान है. एक दिन पहले ईद मनाई गई. अब सरहुल चल रहा है. इसके बाद रामनवमी का त्योहार है.

## नशेड़ी पिता ने बेटे को कुल्हाड़ी से मार डाला

मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** दुमका जिले के जामा थाना क्षेत्र के तरबंधा गांव में शराब के नशे में धुत पिता ने अपने ही पुत्र की कुल्हाड़ी से मार कर हत्या कर दी. घटना सोमवार रात की है. मृतक की पहचान रमेश राय (30 वर्ष) के रूप में हुई. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अजीत कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच-पड़ताल की. पुलिस ने आरोपी पिता मदन राय को गिरफ्तार कर लिया है.
मृतक की पत्नी पंचावती देवी ने बताया कि रात करीब नौ बजे उसके ससुर मदन राय नशे की हालत में घर आए और पुराने जमीन विवाद को लेकर उसके पति के साथ झगड़ा करने लगे. शोर सुनकर गांव के कुल लोग आए उन्हें समझा कर चले गये. उनके जाने के बाद ससुर ने अचानक कुल्हाड़ी निकाली और अपने बेटे रमेश राय पर ताबड़तोड़ प्रहार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया. उसे इलाज के लिए तत्काल फूलो झानो मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति को देखते रांची रेफर कर दिया. रांची ले जाने के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई.इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए दुमका भेज दिया गया है. जमीन विवाद में घटना को अंजाम देने की बात सामने आ रही है. आरोपी पिता को गिरफ्तार कर मंगलवार को जेल भेज दिया गया. पुलिस पूरे मामल की छानबीन कर रही है.

### चोरों के द्वारा लगभग आठ लाख रुपए के गहने और पच्चीस हजार नगदी की चोरी

साहिबगंज/तिनपाहाडः थाना क्षेत्र के रामचौकी गांव निवासी रविशंकर दत्ता के घर में चोरी की अंजाम दिया गया। चोरों के द्वारा लगभग आठ लाख रुपए के गहने और पच्चीस हजार नगदी की चोरी कर ले गए। चोरों ने घर के पिछे से खिड़की तोड़ कर अन्दर प्रवेश किया। और अलमारी के ताले तोड़ कर गहने व कुछ नगदी चोरी कर लिया। इस बावत दत्ता ने बताया कि बिते दिन 26 मार्च को अपने रिश्तेदार के यहां श्राद्धा कार्यक्रम में शामिल होने के लिए पश्चिम बंगाल से आसनसोल गए हुए थे। वापस आने पर जब घर पहुंचे तो देखा कि खिड़की टूटी हुई है। घर के अंदर अलमारी भी टूटी हुई है। छानबीन करने पर पता चला कि अलमारी में रखा कान की बाली एवं नगदी 25,000 रुपए गायब था। जो चोरी की सूचना तुरंत तीनपहाड़ थाना को दिए हैं। सूचना मिलते ही पहाड़ थाना के पेट्रोलिंग पार्टी मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन में जुट गए।

## अब कांग्रेस के झारखंड प्रदेश के सभी जिलाध्यक्ष बनेगें पॉवरफुल



मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा :** आगामी दिनांक 4 अप्रैल 2025 को इंदिरा भवन नई दिल्ली में झारखंड प्रदेश कांग्रेस के सभी जिला अध्यक्षों को पावरफुल बनाने के लिए एक संगठनात्मक बैठक एआईसीसी के द्वारा आयोजित किया गया है,इस बैठक को भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे संबोधित करेंगे।कांग्रेस के वरिष्ट नेता राहुल गांधी भी इस बैठक में उपस्थित रहेंगे।उक्त बैठक में शामिल होने के लिए साहिबगंज एवं पाकुड़ जिला के जिला अध्यक्ष मोहम्मद बरकतुल्लाह खान एवं श्रीकुमार सरकार आज आनंद विहार ट्रेन से दिल्ली रवाना हुए।इस मौके पर जिलाध्यक्ष बरकत खान ने कहा कि कॉंग्रेस के राष्ट्रीय नेतृत्व के नेतागण के बीच बैठक में शामिल होने का अवसर प्राप्त हुआ है।उम्मीद है कि सभी जिलाध्यक्षों को पार्टी आला कमान द्वारा नई जिम्मेदारियां मिल सकती है,साथ ही पार्टी के सामाजिक स्तर पर विस्तारीकरण की समीक्षा होने की उम्मीद है।मौके पर बरहरवा रेलवे स्टेशन पर कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष श्री रंजीत टुडू,प्रखंड महासचिव निताय सरकार, अजीजअंसारी, छोटेलाल रामानी, अहमद, दीपक कुमार,राजु महतो उपस्थित थे।

### मधुपुर में अलग-अलग स्थानों से 2 बाइक की चोरी

देवघर : देवघर जिले के मधुपुर थाना क्षेत्र में अलग-अलग स्थानों से चोरों ने दो बाइक की चोरी कर ली. पहली घटना शहर के गड़िया स्थित चिल्ड्रन पार्क की है, जबकि थाना रोड में घटी. गड़िया गांव निवासी युगन पंडित की बाइक चिल्ड्रेन पार्क के बाहर से चोरी चली गई. भुक्तभोगी ने बताया कि ईद के मौके पर उनका भाई चिल्ड्रन पार्क के बाहर गोलगप्पे की दुकान लगाया था. वहां पर काफी भीड़ थी. उनके सहयोग के लिए वह घर से वहां बाइक लेकर गए थे. काफी भीड़ रहने के कारण वह गोलगप्पे बिक्री करने में मशगूल हो गये. कुछ देर बाद भीड़ खत्म होने के बाद देखा कि बाइक वहां से गायब है. अपने स्तर से काफी खोजबीन की. पर बाइक का कोई पता नहीं चला. इसके बाद उन्होंने इसकी जानकारी पुलिस को दी.
एक अन्य घटना थाना थाना मोड़ के समीप खलासी मोहल्ला निवासी एक व्यक्ति की बाइक चोरी हो गयी. बाइक हिना खातून के नाम से थी. परिवार का सदस्य खरीदारी करने बाइक से बाजार गया था. थाना रोड में बाइक खड़ी कर वह खरीदारी करने चला गया. लौटने पर देखा कि बाइक गायब है. दोनों घटनाओं के संबंध में भुक्तभोगियों ने थाने में लिखित शिकायत दी है.

### स्कूल में परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन

**पलामू:** उंटारीरोड के सिंड़हा स्थित जेपी यादव लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल में वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह का आयोजन हुआ. इसमें बड़ी संख्या में अभिभावक शामिल हुए. सभी ने अपने बच्चों के साथ विद्यालय प्रांगण में उपस्थित होकर अपने नौनिहालों के भविष्य के प्रति सजगता प्रकट किया. कार्यक्रम का संचालन वाईस प्रिंसिपल बिजय कुमार ने किया. इनके साथ सभी शिक्षक सबिता देवी, अंजली कुमारी, आशा सुमन, दिलीप यादव, अर्पणा कुमारी, स्वाती कुमारी, प्रिया सिंह, योगेन्द्र कुमार सिह व अरविंद यादव सहित सभी शिक्षकों ने किया. मौके पर अभिभावक रामएकबाल यादव, नृपेन्द्र गुप्ता, कुंदन ठाकुर व अजीत सिंह सहित कई अभिभावकों नें अपना विचार प्रकट किया.

## भगवती जागरण संपन्न



मेट्रो रेज संवाददाता

**दुमका :** जय माता दी सेवा समिति दुमका की ओर से स्थानीय यज्ञ मैदान में मंगलवार को विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया गया. भगवती जागरण शुरू होने से पहले माता के भक्ति धर्म स्थान मंदिर से माता का ज्योत यज्ञ मैदान लेकर देर रात पहुंचे. इस दौरान इलाहाबाद कोलकाता एवं रानीगंज से आए कलाकारों के द्वारा भक्ति जागरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में जय माता दी सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश कुमार राउत, अरुण केशरी, राधेश्याम वर्मा, डॉ. अमिता रक्षित, संदीप कुमार जय बम बम, प्रेम के शरी, अजय कुमार गुप्ता, सुमन साह आदि का भरपूर सहयोग रहा. माता की भक्ति में मध्य रात्रि तक भक्तगंज झूमते रहे.

## मोती पहाड़ी गांव में महिला की हत्याकांड में शामिल आरोपी हुआ गिरफ्तार, भेजा गया जेल

मेट्रो रेज संवाददाता

**साहिबगंज :** सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी किशोर तिर्की ने मंगलवार को अपने कार्यालय कक्ष में प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि बीते दिनों 31 मार्च 2025 की सुबह 8 बजे सुचना मिली थी ।कि बोरियो थाना क्षेत्र अन्तर्गत मोतीपहाड़ी गाँव में एक महिला का शव पड़ा हुआ है। जहां उक्त सूचना के आलोक में सनहा दर्ज करते हुए वरीय पदाधिकारी को सूचना देते हुए घटना स्थल पर पहुँच कर शव का पहचान कराते हुए उक्त महिला का शव को पोस्टर्माटम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। उधर मृतक महिला के माँ के लिखित आवेदन के आधार पर बोरियो थाना कांड संख्या 25/25 के तहत मामला



दर्ज किया गया। जहां कांड के अनुसंधान के कम में कांड के प्राथमिकी अभियुक्त गोडो उर्फ गुड़ो उर्फ जंजा सोरेन उम्र करीब 30 पिता स्व. सिबल उर्फ जोलहा सोरेन घर मोतीपहाड़ी मांझी टोला थाना बोरियो एवं वर्तमान पता मोर्चा नावाडीह बड़ा बोआरिजोर थाना बोजारीजोर जिला गोड्डा को गिरफतार किया गया। जहां गिरफतार अभियुक्त के द्वारा कारित अपराध को स्वीकार किया गया। अनुसंधान के कम में अभियुक्त का मोबाईल मृत्तिका के घर से बरामद किया गया। इस छापामारी दल पुअनि पंकज वर्मा, थाना प्रभारी, बोरियो थाना, पुअनि जियालाल किस्कू, सअनि प्रभाशंकर दुबे, हव० धर्मेन्द्र मडेया, आ चन्द्र प्रकाश दुबे शामिल थे।

## जाट में सनी देओल संग काम करने पर उर्वशी रौतेला ने तोड़ी चुप्पी, कहा- उनकी एनर्जी से



**सनी** देओल और रणदीप हुड्डा स्टारर जाट 10 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसमें जबरदस्त एक्शन के साथ सनी पाजी के कई दमदार डायलॉग सुनने को मिलेंगे। जिसमें ये ढाई किलो के हाथ की ताकत पूरा उत्तर देख चुका है। अब दक्षिण देखेगा। एक्शन एंटरटेनर में उर्वशी रौतेला भी एक गाने में नजर आने वाली हैं। जिसका नाम ह्यटच कियाह्न है। उन्होंने सनी देओल संग काम करने पर अब चुप्पी तोड़ी है। उर्वशी रौतेला ने कहा, 12 साल बाद सनी देओल सर के साथ काम करना किस्मत की तरह लगता है। वह बेहतरीन एक्शन हीरो हैं और मैं जाट में उनकी एनर्जी से वाइब मैच करने के लिए रोमांचित हूं। यह आइकॉनिक होने जा रहा है।

**जाट में होगा उर्वशी और सनी का ब्लॉकबस्टर रीयूनियन:** उन्होंने 2013 की फिल्म सिंह साहब द ग्रेट में सनी के साथ काम किया था। इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा, ह्लजब मैं 19 साल की थी, तो मैंने सनी के साथ काम किया था। अब जाट में फिर से साथ आना, एक ब्लॉकबस्टर रीयूनियन जिसकी फैंस ने उम्मीद नहीं की थी। उर्वशी ने कहा, सिंह साब तो बस शुरूआत थी। जाट हमें इसे अगले स्तर पर ले जा रहा है, गाना बोल्ड और सुपरहिट हो!

**जाट के बारे में:** जाट का निर्देशन गोपीचंद मालिनेनी ने किया है। इसमें विनीत कुमार सिंह, सैयामी खेर और रेजिना कैसंड्रा भी हैं। फिल्म में थमन एस की ओर से रचित साउंडट्रैक है। सनी और रणदीप के अलावा इसमें सैयामी, रेगेना, विनीत कुमार सिंह, बब्लू पृथ्वीराज, राम्या कृष्णन, स्वरूपा घोष जैसे स्टार्स हैं। माइथ्री मूवी मेकर्स और पीपल मीडिया फैक्ट्री की ओर से निर्मित इस फिल्म में थमन एस का संगीत है। यह फिल्म 10 अप्रैल को हिंदी, तमिल और तेलुगु में रिलीज होगी।




## यू-ट्यूबर रणवीर अलाहाबादिया को सुप्रीम कोर्ट से झटका, पासपोर्ट देने से किया इनकार

**फेमस** यूट्यूबर रणवीर अलाहाबादिया पिछले दिनों इंडियाज गॉट लेटेंट विवाद को लेकर खूब सुर्खियों में आए थे। जमकर आलोचना होने और एफआइआर दर्ज होने के बाद यूट्यूबर ने जनता से माफी भी मांगी थी। हालांकि, माफी मांगने के बाद भी उनकी मुश्किलें कम नहीं हुई है। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को रणवीर अलाहाबादिया का पासपोर्ट जारी करने से इनकार कर दिया।

जी हां, सुप्रीम कोर्ट ने रणवीर का पासपोर्ट देने से इनकार कर दिया है और इसके अलावा कोर्ट ने एक और यूट्यूबर आशीष चंचलानी का पासपोर्ट रिलीज करने से भी इनकार कर दिया। आपको बता दें आशीष चंचलानी, कॉमेडियन समय रैना के होस्ट किए गए शो में जज पैनल का हिस्सा थे। बताया जा रहा है, इनेवेस्टिगेशन दो हफ्तों में पूरी हो जाएगी और अगली सुनवाई 21 अप्रैल को होगी। जांच पूरी होने के बाद ही अलाहाबादिया की विदेश यात्रा की याचिका पर विचार किया जाएगा। जानकारी के लिए बता दें, फरवरी में रणवीर अलाहाबादिया ने समय रैना के शो इंडियाज गॉट लैटेंट के एक एपीसोड में 'माता-पिता को सेक्स करते हुए देखने' को लेकर बयान दिया था, जिससे वो मुश्किलों में घिर गए।

## राहु केतु में नजर आएंगे पुलकित सम्राट



**बॉलीवुड** अभिनेता पुलकित सम्राट फिल्म राहु केतु में काम करते नजर आएंगे। मशहूर एंटरटेनमेंट हाउस जी स्टूडियोज ने अपनी नई महत्वाकांक्षी फिल्म ह्यराहु केतुह्न का ऑफिशियल ऐलान कर दिया है। इस फिल्म में दमदार अभिनय के लिए मशहूर पुलकित सम्राट मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। उनके साथ वरुण शर्मा और शालिनी पांडे भी अहम किरदारों में है। यह फिल्म दर्शकों को हंसी, फैंटेसी और शानदार कहानी के सफर पर ले जाने का वादा करती है। फिल्म राहु केतु का निर्देशन विपुल विग कर रहे हैं। एक भव्य मुहूर्त के साथ फिल्म की शूटिंग की शुरूआत हुई, जिसमें जोश और उत्साह देखने लायक था। पुलकित सम्राट और वरुण शर्मा, जो हिट कॉमेडी फिल्म फुकरे में अपनी जबरदस्त केमिस्ट्री से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं, एक बार फिर साथ नजर आएंगे। उनकी पॉपुलर ब्रोमांस जोड़ी एक बार फिर यादगार और मजेदार पलों से भरपूर होगी। सोशल मीडिया पर फिल्म की घोषणा करते हुए पुलकित सम्राट ने लिखा,कुछ लोग इसे किस्मत कहते हैं, हम इसे प्तराहुकेतु का खेल कहते हैं! और ये आपके जीवन में भी जल्द ही प्रवेश करेंगे, शूटिंग शुरू हो चुकी है। फिल्म के दिलचस्प टाइटल और अनोखे कांसेप्ट ने पहले ही सिनेमा प्रेमियों में काफी उत्सुकता जगा दी है। फिल्म से दर्शकों को हास्य, फैंटेसी और बड़ी-बड़ी कहानियों का दिलचस्प मिश्रण मिलने की उम्मीद है। निर्देशक की नई सोच, दमदार कास्ट और अनुभवी प्रोडक्शन टीम के साथ राहु केतु दर्शकों को भरपूर मनोरंजन का वादा करती है।

# मन्नत के रेनोवेशन के बीच गौरी खान ने 11.61 करोड़ में बेचा अपार्टमेंट





**शाहरुख खान** और गौरी खान अपने घर मन्नत को रेनोवेट करवा रहे हैं। घर को गौरी और आलीशान बनाने जा रही हैं। रेनोवेशन के लिए मन्नत को खाली किया जाएगा और किंग खान पूरी फैमिली के साथ पाली हिल में दो लग्जरी डुप्लेक्स अपार्टमेंट में शिफ्ट होंगे। शाहरुख ने जैकी भगनानी और उनकी बहन दीपशिखा से ये अपार्टमेंट किराए पर लिया है। मन्नत के रेनोवेशन के बीच गौरी ने एक स्मार्ट मूव लिया। उन्होंने अपना लग्जीरियस फ्लैट बेच दिया है। बताया जा रहा है कि उन्होंने ये फ्लैट साल 2022 में खरीदा था।

**गौरी खान द्वारा बेचा गया अपार्टमेंट कोहिनूर अल्टिसिमो बिल्डिंग में है जो कोहिनूर सीटीएनएल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित एक रेडी-टू-मूव रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट का हिस्सा है।**

साल 2022 में गौरी खान ने इसे 8 करोड़ के आसपास के रेट में लिया था लेकिन अब इसे उन्होंने 11 करोड़ से ज्यादा में बेच दिया है।

गौरी खान द्वारा बेचा गया अपार्टमेंट कोहिनूर अल्टिसिमो बिल्डिंग में है जो कोहिनूर सीटीएनएल इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित एक रेडी-टू-मूव रेजिडेंशियल प्रोजेक्ट का हिस्सा है। इस परियोजना में 2.5 बीएचके, 3 बीएचके और 3.5 बीएचके इकाइयों सहित कई तरह के फ्लैट्स हैं। गौरी के अपार्टमेंट में 184.42 वर्ग मीटर (लगभग 1,985 वर्ग फीट) का बना हुआ एरिया है जिसमें 1,803.94 वर्ग फीट (लगभग 167.55 वर्ग मीटर) का कारपेट एरिया शामिल है। इसमें दो कार पार्किंग भी शामिल थे।







## रोहित-विराट का ए-प्लस ग्रेड पक्का, श्रेयस की वापसी भी तय

### बीसीसीआई के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट में मिलेगा स्थान, ईशान पर संशय

**नई दिल्ली:** भारतीय क्रिकेट के दिग्गज खिलाड़ी विराट कोहली और रोहित शर्मा का 2025-26 के लिए बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध सूची में ए ग्रेड बरकरार रहने वाला है, जबकि श्रेयस अय्यर, जिन्हें घरेलू क्रकेट में कथित रूप से अनुपस्थित रहने के कारण पिछली बार सूची से बाहर कर दिया गया था, उनकी वापसी होने जा रही है। इस तरह की रिपोर्ट सामने आई है। बीसीसीआई सूत्रों ने कहा, रोहित और विराट टी20आई प्रारूप से संन्यास लेने के बाद भी अपना ए ग्रेड केंद्रीय अनुबंध (सात करोड़ रुपए) जारी रखेंगे। वे बड़े खिलाड़ी हैं और उन्हें वह सम्मान दिया जाएगा, जिसके वे हकदार हैं। श्रेयस अय्यर की केंद्रीय अनुबंध में वापसी तय है।

अपने पिछले रणजी ट्रॉफी अभियान में, श्रेयस ने मुंबई के लिए पांच मैचों में 68.57 की औसत और 90.22 के स्ट्राइक रेट से 480 रन बनाए। नौ मैचों में 345 रनों के साथ, श्रेयस सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में चौथे सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी थे। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी में भी अपनी शानदार फॉर्म का प्रदर्शन किया, जिसमें पांच मैचों में 325.00 की शानदार औसत से 325 रन बनाए। वह फरवरी में भारत की चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम का हिस्सा थे और पांच मैचों में 243 रन बनाकर टूर्नामेंट में देश के अग्रणी रन-स्कोरर के रूप में समाप्त हुए। इस तरह उनको भी कॉन्ट्रैक्ट मिलने वाला है। हालांकि, ईशान किशन को इंतजार करना पड़ सकता है।

## अजीत की हैट्रिक लगाने को बेताब रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु, गुजरात टाइटंस से भिड़ंत

### बंगलुरू में आज शाम 7:30 बजे से गुजरात टाइटंस से भिड़ंत

**बंगलुरु:** रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु अपने घरेलू मैदान पर आईपीएल के इस सत्र का पहला मैच खेलने बुधवार को खेलने उतरेगी। आरसीबी के सामने गुजरात टाइटंस होगी। इस मैच में बंगलुरू की टीम का लक्ष्य अपने गेंदबाजों के शानदार फॉर्म के दम पर जीत की हैट्रिक लगाने का होगा। आरसीबी ने कोलकाता को ईडन गार्डंस पर और चेन्नई सुपर किंग्स को चेपॉक पर हराकर आईपीएल के 18वें सीजन की शानदार शुरूआत की है। चिन्नास्वामी स्टेडियम की पिच बल्लेबाजों की मददगार है और यहां तीन बार 260 से अधिक का स्कोर बन चुका है।

छोटी बाउंड्री और तेज आउटफील्ड ने गेंदबाजों को हमेशा परेशान किया है, लेकिन रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू को भरोसा होगा कि उसके दो गेंदबाज जोश हेजलवुड और भुवनेश्वर कुमार यहां बल्लेबाजों पर अंकुश लगा सकते हैं। हेजलवुड ने इस आईपीएल में छह से कम की इकॉनॉमी रेट से रन दिए हैं, जबकि चेन्नई के खिलाफ मैच में भुवनेश्वर ने प्रति ओवर सिर्फ 6.6 की औसत से रन दिए थे। गुजरात के पास काफी सक्षम बल्लेबाज हैं। कप्तान शुभमन गिल और साई सुदर्शन अच्छी सलामी जोड़ी बना चुके हैं। आरसीबी की कोशिश होगी कि उन्हें अच्छी शुरूआत नहीं करने दे। नई गेंद को स्विंग कराने के कौशल से भुवनेश्वर और सटीक गेंदबाजी के लिए हेजलवुड मिलकर उनकी परेशानी का सबब बन सकते हैं।

# बंद होगी भारत-इंग्लैंड की पटौदी ट्रॉफी, 2007 में हुई थी शुरूआत

### इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड का बड़ा फैसला, नए सितारों के नाम शुरू होगी नई ट्रॉफी



**नई दिल्ली:** इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड एक बड़ा बदलाव करने की सोच रहा है। खबर है कि इंग्लैंड और भारत के बीच टेस्ट सीरीज के लिए दी जाने वाली एमएके पटौदी ट्रॉफी को बंद किया जा सकता है। यह बदलाव 2025 में भारत के इंग्लैंड दौरे से हो सकता है। पटौदी ट्रॉफी की शुरूआत 2007 में हुई थी। यह इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच की 75वीं सालगिरह पर शुरू की गई थी। ईसीबी ने अभी तक कोई कारण नहीं बताया है, लेकिन माना जा रहा है कि बोर्ड दोनों देशों के कुछ नए क्रिकेट सितारों के नाम पर नई ट्रॉफी शुरू करना चाहता है।

पटौदी परिवार को इस बारे में बता दिया गया है। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज में एक बड़ा बदलाव कर सकता है। ईसीबी, मैक पटौदी ट्रॉफी को बंद करने पर विचार कर रहा है। यह ट्रॉफी इंग्लैंड में भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट सीरीज जीतने वाली टीम को दी जाती है। यह बदलाव 2025 में होने वाले भारत के इंग्लैंड दौरे से शुरू हो सकता है।

2007 में हुई थी शुरूआत: पटौदी ट्रॉफी की शुरूआत 2007 में हुई थी। यह ट्रॉफी इंग्लैंड और भारत के बीच पहले टेस्ट मैच की 75वीं वर्षगांठ के मौके पर शुरू की गई थी। पटौदी परिवार का क्रिकेट इतिहास में बहुत बड़ा योगदान है। इफ्तिखार अली खान पटौदी और मंसूर अली खान पटौदी, दोनों ने अपने-अपने देशों की कप्तानी की है। खबरों के अनुसार, ईसीबी ने अभी तक इस फैसले का कोई आधिकारिक कारण नहीं बताया है। ऐसा माना जा रहा है कि बोर्ड भारत और इंग्लैंड के कुछ नए क्रिकेट सितारों के नाम पर नई ट्रॉफी शुरू करना चाहता है। क्रिकबज की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई है।



## 20 साल बाद 'कजरा रे' पर अभिषेक-ऐश्वर्या का गजब डांस

### इस बार अमिताभ नहीं बेटी आराध्या ने दिया साथ साल

**2024 से ऐश्वर्या** राय और अभिषेक बच्चन के तलाक की खबरें आ रही थीं जिनसे फैंस का दिल बैठ गया था। कपल ने कभी इन खबरों पर रिएक्ट नहीं किया, लेकिन अपने जेस्चर्स, पब्लिक आउटिंग और परिवारिक फंक्शन में साथ आकर जवाब दे दिया कि वो साथ हैं।

हाल ही में ये कपल फैमिली वेडिंग में शामिल हुए थे, जिसकी तस्वीरें वायरल हुईं। इन तस्वीरों ने एक बार फिर कपल की तलाक की खबरों को गलत ठहराया। अब इसी फैमिली वेडिंद से अब ऐश्वर्या और अभिषेक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों 20 साल बाद फिर 'कजरा रे' गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। मजेदार बात यह है कि इस बार साथ में बेटी आराध्या भी थीं।

ऐश्वर्या राय बच्चन और अभिषेक ने इस बार बेटी आराध्या के साथ 'कजरा रे' गाने पर डांस किया और अपने स्टेप्स को री-क्रिएट किया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जो ऐश्वर्या के एक फैन ने शेयर किया है। ऐश्वर्या और अभिषेक वो परिवार समेत शामिल हुए। इतना ही नहीं ऐश्वर्या की मां ने भी ठुमके लगाए।

**हाल ही में ये कपल फैमिली वेडिंग में शामिल हुए थे, जिसकी तस्वीरें वायरल हुईं। इन तस्वीरों ने एक बार फिर कपल की तलाक की खबरों को गलत ठहराया। अब इसी फैमिली वेडिंद से अब ऐश्वर्या और अभिषेक का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें दोनों 20 साल बाद फिर 'कजरा रे' गाने पर डांस करते दिख रहे हैं। मजेदार बात यह है कि इस बार साथ में बेटी आराध्या भी थीं।**

इस फैमिली फंक्शन में आराध्या ने भी महफिल लूट ली। मां ऐश्वर्या के साथ-साथ आराध्या की तस्वीरें भी वायरल हो रही हैं, और हर कोई उनके बदले अंदाज की बात कर रहा है। व्हाइट कलर की ड्रेस में आराध्या बेहद हसीन लग रही थीं।

## न्यूज ब्रीफ

### पांवटा-उत्तराखंड बॉर्डर पर सबसे बड़ा एनकाउंटर, 15 हजार रखा था इनाम

**पांवटा साहिब:** पांवटा साहिब व उत्तराखंड में उत्तराखंड पुलिस ने गोवंश के हत्यारे गैंगस्टर को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है। यह मुठभेड़ पांवटा-साहिब और उत्तराखंड बॉर्डर पर दोनों राज्यों की संयुक्त कार्रवाई में हुई है। पुलिस ने आरोपी एहसान को बुधवार तडके सहसपुर क्षेत्र में तिमली धमार्वाला के पास गिरफ्तारी किया है। दरअसल गैंगस्टर बाइक पर जा रहा और पुलिस चेकिंग प्वाइंट पर रोकने पर भी नहीं रुका। इस दौरान पुलिस टीमों ने उसका पीछा किया और तिमली के जंगल में फायरिंग करने लगा।

पुलिस टीम ने भी जवाबी फायरिंग की और इस मुठभेड़ में बदमाश को घायल कर दिया। उसके पैर में गोली लगी, जिसके बाद घायल अवस्था में उसे तत्काल उपचार हेतु नजदीकी हॉस्पिटल विकासनगर लाया गया। घायल बदमाश सहारनपुर का शातिर गोतस्कर है और क्लेमनटाउन थाना में उस पर 15000 रुपए का इनाम रखा था। यह कुरुक्षेत्र से भी वांटेड चल रहा था। बदमाश ने पुरूवाला में हुई गौकशी की घटना को भी अंजाम दिया था। पूछताछ में आरोपी ने बदमाश ने रायपुर में हुई गौकशी की घटना को भी अंजाम देने की बात को स्वीकार किया है। मुठभेड़ में घायल बदमाश के विरुद्ध डेढ़ दर्जन से अधिक केस पंजीकृत हैं। अभियोग उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड में गैंगस्टर सहित संगीन अपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बदमाश से एक बाइक, एक 12 बोर तमंचा, एक खोका कारतूस और एक जिंदा कारतूस बरामद किया है। आरोपी की पहचान एहसान पुत्र बुद्धु उर्फ फिल्टर निवासी ग्राम गंदेवड़ा थाना फतेहपुर जिला सहारनपुर उम्र 22 वर्ष के रूप में हुई है।

### वक्फ बिल से मुसलमानों को फायदा विपक्ष कर रहा गुमराह: शहाबुद्दीन रजवी



**बरेली :** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के प्रमुख मौलाना शहाबुद्दीन रजवी ने बुधवार को कहा कि वक्फ (संशोधन) विधेयक से मुसलमानों को कोई खतरा नहीं है, बल्कि इससे उन्हें काफी लाभ होगा। उन्होंने दावा किया कि कुछ राजनीतिक समूह विधेयक के बारे में अनावश्यक भय फैलाकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

रजवी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि संसद में वक्फ (संशोधन) विधेयक बिना किसी व्यवधान के पारित हो जाएगा। विपक्ष निश्चित रूप से हंगामा करेगा क्योंकि वह वोट बैंक की राजनीति करना चाहता है, इसलिए वह अपने वोट बैंक को बनाए रखने के लिए निश्चित रूप से हंगामा करेगा।

इस बिल से मुस्लिम समुदाय को नुकसान पहुंचने की आशंकाओं को खारिज करते हुए उन्होंने कहा, वक्फ (संशोधन) विधेयक से मुसलमानों को कोई खतरा नहीं है। ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) और राजनीतिक समूहों से जुड़े अन्य लोग मुसलमानों को डरा रहे हैं, उन्हें गुमराह कर रहे हैं, अफवाहें फैला रहे हैं और गलतफहमियां पैदा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा, हालांकि, मैं मुसलमानों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि न तो उनकी मस्जिदें और न ही ईदगाह, दरगाह या कब्रिस्तान छीने जाएंगे। यह केवल और केवल एक अफवाह है।

बिल के फायदों पर प्रकाश डालते हुए रजवी ने कहा, संशोधन लागू होने के बाद होने वाली आय गरीब, कमजोर, असहाय, धर्मपरायण और विधवा मुसलमानों पर खर्च की जाएगी। इससे उनकी तरक्की और विकास होगा। शिक्षा के क्षेत्र में काम किया जाएगा और इससे होने वाली आय से स्कूल, कॉलेज, मदरसे और मस्जिद खोले जाएंगे और उनका रखरखाव किया जाएगा।

विधेयक के उद्देश्य के बारे में विस्तार से कहा, हमारे बुजुर्गों की कल्पना के अनुसार वक्फ का उद्देश्य यह था कि इससे होने वाली आय को जनकल्याण कार्यों में लगाया जाए। लेकिन भ्रष्टाचार के कारण ऐसा नहीं हो सका। उन्होंने कहा, अब यह नया विधेयक भ्रष्टाचार को रोकेगा और यह सुनिश्चित करेगा कि पैसा वैध उद्देश्यों पर खर्च हो। यह मुसलमानों की तरक्की के लिए है, जिन्हें इससे लाभ होगा। निजी लाभ के लिए करोड़ों रुपये की वक्फ बोर्ड की जमीनों की अवैध बिक्री पर रोक लगेगी और आय का उपयोग सही उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। विधेयक के पारित होने की आशा व्यक्त करते हुए, रजवी ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह विधेयक संसद के दोनों सदनों, लोकसभा और राज्यसभा में पारित हो जाएगा और यह मुसलमानों के हित में साबित होगा, तथा लोगों के कल्याण के लिए एक मील का पत्थर बनेगा। रजवी ने इससे पहले भी कई मुस्लिम समूहों और राजनीतिक दलों पर इस बिल के बारे में समुदाय को गुमराह करने का आरोप लगाया है। उन्होंने एआईएमपीएलबी पर अपने मूल उद्देश्य से भटकने और राजनीतिक एजेंडों से प्रभावित होने का भी आरोप लगाया है।

### जीएसटी से भरा सरकार का खजाना, मार्च में 196141 करोड़ का हुआ कलेक्शन




**नई दिल्ली:** वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मार्च 2025 में माल एवं सेवाकर (जीएसटी) राजस्व संग्रह 196141 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 178484 करोड़ रुपर के संग्रह की तुलना में 9.9 प्रतिशत अधिक है। जीएसटीएन पोर्टल पर जारी आंकड़ों के अनुसार मार्च 2025 में सीजीएसटी संग्रह 38145 करोड़ रुपए रहा है। एसजीएसटी 49891 करोड़ रुपए और आईजीएसटी 95853 करोड़ रुपए रहा है तथा क्षतिपूर्ति अधिभार संग्रह 12253 करोड़ रुपए रहा है। रिफंड के बाद मार्च 2025 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 176526 करोड़ रुपए रहा है जो पिछले वित्त वर्ष में इसी महीने में संग्रहित 164592 करोड़ रुपए के संग्रह की तुलना में 7.3 प्रतिशत अधिक है। मार्च 2025 में 19615 करोड़ रुपए का रिफंड किया गया है। आंकड़ों के अनुसार 31 मार्च 2025 को समाप्त वित्त वर्ष में कुल जीएसटी संग्रह 2208861 करोड़ रुपए रहा है जो इससे पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 2018249 करोड़ रुपए के संग्रह की तुलना में 9.4 प्रतिशत अधिक है। इस दौरान सीजएसटी संग्रह 413776 करोड़ रुपए, एसजीएसटी 516448 करोड़ रुपए, आईजीएसटी 1125335 करोड़ रुपये और क्षतिपूर्ति अधिभार 153303 करोड़ रुपए रहा है। वित्त वर्ष 2024-25 में कुल 252827 करोड़ रुपए का रिफंड किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 में शुद्ध जीएसटी संग्रह 1956034 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2023-24 में संग्रहित 1801075 करोड़ रुपए की तुलना में 8.6 प्रतिशत अधिक है।

### हाईवे और एक्सप्रेस-वे पर सफर करना हुआ महंगा

# एनएचएआई ने 5 प्रतिशत तक बढ़ाया टोल टैक्स

**नई दिल्ली :** नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) ने पूरे देश में संचालित किए जाने वाले हाइवे और एक्सप्रेसवे के टोल चार्जेस में औसत 4 से 5 प्रतिशत का इजाफा कर दिया है। इसकी वजह महंगाई के कारण बढ़ती लागत को समायोजित करना था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि यह समायोजन एनएचएआई की वार्षिक समीक्षा का हिस्सा है, जो थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति के साथ टोल दरों को संरेखित करता है और अतिरिक्त आय से हाइवे रखरखाव और विस्तार परियोजनाओं को सहायता मिलेगी।



एनएचएआई के नोटिफिकेशन के अनुसार, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे पर सराय काले खां से मेरठ जाने वाली कारों और जीपों के लिए एक तरफ का टोल अब 165 रुपये से बढ़कर 170 रुपये हो जाएगा, जबकि गाजियाबाद से मेरठ जाने के लिए टोल 70 रुपये से बढ़कर 75 रुपये हो जाएगा।

इस मार्ग पर हल्के वाणिज्यिक वाहनों और बसों को प्रति ट्रिप 275 रुपये देने होंगे, जबकि ट्रकों को 580 रुपये देने होंगे। एनएच-9 पर छिजारसी टोल प्लाजा पर कारों के लिए टोल 170 रुपये से बढ़कर 175 रुपये हो जाएगा, हल्के वाणिज्यिक वाहनों को 280 रुपये जबकि बसों और ट्रकों को 590 रुपये देने होंगे।

लखनऊ से होकर गुजरने वाले हाइवे पर यात्रा करने वाले मोटर चालकों को, जिनमें राज्य की राजधानी को कानपुर, अयोध्या, रायबरेली और बाराबंकी से जोड़ने वाले हाइवे भी शामिल हैं, हल्के वाहनों के लिए प्रति चक्कर 5 से 10 रुपये अतिरिक्त देने होंगे, जबकि भारी वाहनों को 20 से 25 रुपये अतिरिक्त देने होंगे।

इसके अतिरिक्त, अब कारों के लिए मासिक पास की कीमत 930 रुपये से बढ़कर 950 रुपये हो जाएगी, जबकि कैब के लिए यह राशि 1225 रुपये से बढ़कर 1255 रुपये हो जाएगी। हल्के मोटर वाहनों और मिनी बसों के लिए एक तरफ का टोल 120 रुपये से बढ़कर 125 रुपये हो जाएगा।

दिल्ली-जयपुर हाईवे पर खेड़की दौला टोल प्लाजा पर निजी कारों और जीपों के लिए टोल वही रहेगा, लेकिन बड़े वाहनों पर प्रति ट्रिप 5 रुपये की बढ़ोतरी होगी। कारों के लिए मासिक पास की कीमत अब 930 रुपये से बढ़कर 950 रुपये हो जाएगी और वाणिज्यिक कारों और जीपों के लिए यह राशि 1225 रुपये से बढ़कर 1255 रुपये हो जाएगी। हल्के मोटर वाहनों और मिनी बसों के लिए सिंगल-ट्रिप टोल 120 रुपये से बढ़कर 125 रुपये हो जाएगा। भारत के नेशनल हाइवे नेटवर्क पर लगभग 855 प्लाजा हैं, जिनमें से 675 सरकार के द्वारा फंडिंड हैं, जबकि लगभग 180 प्लाजा निजी ऑपरेटरों द्वारा मैनेज किए जाते हैं।

## पाथर प्रतिमा विस्फोट मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई, मुख्य आरोपी को किया गिरफ्तार

**कोलकाता :** पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के पाथर प्रतिमा में हुए विस्फोट मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बुधवार को मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। धमाके में आठ लोग मारे गए थे। मुख्य आरोपी चंद्रकांत बनिक पटाखा निर्माण इकाई का मालिक है। यह इकाई उस घर से कुछ मीटर की दूरी पर स्थित है। यहां सोमवार देर रात विस्फोट हुआ था।

**बनिक के भाई की तलाश भी जारी:** सुंदरबन पुलिस जिले के एसपी कोटेश्वर राव ने बताया, 'हमने विस्फोट के सिलसिले में मुख्य आरोपी चंद्रकांत बनिक को गिरफ्तार कर लिया है।' बनिक से पूरी रात पूछताछ की गई और बुधवार सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया गया। इस सिलसिले में यह पहली गिरफ्तारी है, जबकि पुलिस बनिक के भाई की तलाश कर रही है, जो फरार है।

**फोरेंसिक विशेषज्ञ भी जांच में जुटे:** एक अन्य पुलिस अधिकारी ने कहा, 'फोरेंसिक विशेषज्ञ इस बात की जांच कर रहे हैं कि जिस घर में विस्फोट हुआ, उसके अंदर पटाखे बनाने के लिए कच्चा माल रखा गया था या नहीं।' पथर प्रतिमा में एक आवासीय घर के अंदर गैस सिलेंडर फटने से चार बच्चों सहित एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई।

**क्या है मामला? :** दरअसल, पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले के पाथर प्रतिमा में सोमवार रात भीषण हादसा हुआ था। यहां एक घर में गैस सिलेंडर में भीषण विस्फोट हुआ, जिसके कारण आठ लोगों की मौत हो गई थी। सुंदरबन पुलिस जिले के एसपी कोटेश्वर राव ने बताया कि मरने वालों में चार बच्चों और दो महिलाएं भी शामिल हैं। मृतक संभवतः एक ही परिवार के थे। उन्होंने यह भी बताया कि पाथर प्रतिमा ब्लॉक के धोलाघाट गांव में रात करीब 9 बजे विस्फोट हुआ था।

**भाजपा ने डीजीपी और ममता को घेरा:** विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया कि जिस इमारत में यह घटना हुई, वह क्रूड बम निर्माण इकाई थी। उन्होंने 'एक्स' पर कहा, 'गंभीर कार्रवाई किए जाने से पहले और कितनी घटनाएं होंगी? डीजीपी को जवाब देना चाहिए कि पश्चिम बंगाल राज्य कच्चे बमों के ढेर पर क्यों बैठा है?' उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में ऐसी घटनाओं के लिए बिल्कुल भी जवाबदेही नहीं है। अक्षम पुलिस मंत्री ममता बनर्जी को ऐसा होने देने के लिए दोषी ठहराया जाना चाहिए।

## नवयुग सुरंग में फिर हादसा दो की मौत, 3 घायल

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर में जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग पर नवयुग सुरंग के पास एक सडक दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई। एक अधिकारी ने बुधवार को यहां यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात करीब 8:40 बजे जम्मू से श्रीनगर जा रही एक गाड़ी तेज गति के कारण नवयुग सुरंग के पास नियंत्रण खो बैठी और डिवाइडर और पुलिस बैरियर से टकरा गई। इस दुर्घटना में एक विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) सहित पांच लोग घायल हो गए।

सभी घायलों को इलाज के लिए आपातकालीन अस्पताल काजीगुंड ले जाया गया, जहां से उन्हें आगे के इलाज के लिए सरकारी मेडिकल कॉलेज अनंतनाग ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि हीरपोरा शोपियां के एक घायल व्यक्ति जुबैर अहमद वानी को मृत घोषित कर दिया गया। शोपियां निवासी मुश्ताक अहमद दलाल नामक दूसरे व्यक्ति की रात में मौत हो गई। पुलिस ने काजीगुंड कुलगाम थाने में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि छह दिन पहले नवयुग सुरंग के अंदर एक एसआरटीसी बस पलटने से चालक समेत 17 लोग घायल हो गए थे।

### महिंद्रा एंड महिंद्रा के यात्री वाहनों की बिक्री में 20 प्रतिशत का इजाफा



**नई दिल्ली:** देश की प्रमुख वाहन निमार्ता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा के घरेलू बाजार में यात्री वाहनों की बिक्री 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष में इसके पिछले वित्त वर्ष की 459877 इकाई के मुकाबले 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 551487 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने मंगलवार को बतया कि उसने 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 में घरेलू बाजार में कुल 551487 यात्री वाहनों की बिक्री की, जो वित्त वर्ष 2023-24 के 459877 इकाई से 20 प्रतिशत अधिक है। इस अवधि में उसके यूटिलिटी वाहनों की बिक्री 459864 से 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी लेकर 551487 इकाई हो गई वहीं कार एवं वैन की बिक्री 13 इकाई से घटकर शून्य रह गई। इसी तरह 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी एवं अंतिम तिमाही में घरेलू बाजार में यूटिलिटी, कार एवं वैन समेत सभी यात्री वाहनों की बिक्री 40631 इकाई से 18 प्रतिशत बढ़कर 48048 इकाई पर पहुंच गई। कंपनी ने कहा कि उसने इस वर्ष स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (एसयूवी) श्रेणी में शानदार प्रदर्शन किया है। महिंद्रा ने वार्षिक एसयूवी बिक्री में 20 प्रतिशत की वृद्धि के साथ पांच लाख 51 हजार 487 एसयूवी बेचकर इतिहास रचा है। यह संख्या कंपनी के इतिहास में अब तक की सबसे बड़ी है। इसके अलावा वाहन पंजीकरण में भी 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, जिससे डीलर इन्वेंटरी स्तर सामान्य बनाए रखने में मदद मिली। महिंद्रा ने 3.5 टन से कम वजन वाले हल्के वाणिज्यिक वाहन (एलसीवी) श्रेणी में 50 प्रतिशत से अधिक बाजार हिस्सेदारी हासिल कर अपनी स्थिति को और मजबूत किया। इसके साथ ही महिंद्रा न केवल नंबर वन एसयूवी निमार्ता बनी बल्कि राजस्व के आधार पर नंबर टू यात्री वाहन निमार्ता का स्थान भी हासिल किया।

## कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें बढ़ीं, मुंबई पुलिस ने भेजा तीसरा समन

**5 अप्रैल को पेशी के लिए बुलाया**

**मुंबई :** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में अपमानजनक टिप्पणी करने के मामले में कॉमेडियन कुणाल कामरा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। अब मुंबई पुलिस ने कुणाल कामरा को तीसरा समन जारी किया है। उन्हें 5 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उन्हें पहले दो बार पुलिस ने तलब किया था, लेकिन वे जांच में शामिल नहीं हुए।



मुंबई में एक शो में गाए गए एक पैरोडी गाने के बाद विवाद पैदा हुआ है। पैरोडो में कुणाल कामर ने शिंदे को निशाना बनाया गया था,जो उद्धव ठाकरे के खिलाफ विद्रोह के बाद शिवसेना प्रमुख हैं और उन्हें देशद्रोही कहा गया था। हालांकि गाने में शिंदे का नाम नहीं था, इसके बाद पिछले महीने गुस्साए शिवसेना कार्यकर्ताओं ने उस स्टूडियो में तोड़फोड़ की, जहां शो की रिकॉर्डिंग की गई थी। खार पुलिस ने एक शिवसेना विधायक की शिकायत पर कामरा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की मानहानि से संबंधित धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज की। अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को खार पुलिस की एक टीम मुंबई के माहिम इलाके में कामरा के घर गई, जहां उनका परिवार रहता है, ताकि पता लगाया जा सके कि वह पुलिस के सामने पेश होंगे या नहीं। 28 मार्च को मद्रास हाई कोर्ट ने कॉमेडियन को अंतरिम अग्रिम जमानत दे दी। न्यायमूर्ति सुंदर मोहन ने खार पुलिस को भी नोटिस जारी किया और मामले की अगली सुनवाई 7 अप्रैल को तय की।

### शाहनवाज हुसैन ने विपक्ष पर लगाया बड़ा आरोप,कहा

# जैसे सीएए को लेकर गुमराह किया, वैसे ही वक्फ को लेकर ...

**नई दिल्ली:** पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक में कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि मस्जिद, दरगाह और अन्य धार्मिक स्थल सरकार द्वारा छीन लिए जाएंगे। मैं यह बात पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं ताकि किसी के बहकावे में न आऊं।



वक्फ संशोधन विधेयक पर जारी विवाद के बीच भाजपा के मुस्लिम नेताओं ने इसका बचाव किया है। भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर गलतफहमियां पैदा की जा रही हैं। कांग्रेस और अन्य दल मुसलमानों को गुमराह करने और भड़काने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जैसे सीएए को लेकर मुसलमानों को गुमराह किया गया और शाहीन बाग में प्रदर्शन हुए, वैसे ही वही लोग वक्फ अधिनियम को लेकर भी मुसलमानों को गुमराह कर रहे हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वक्फ संशोधन विधेयक में कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि मस्जिद, दरगाह और अन्य धार्मिक स्थल सरकार द्वारा छीन लिए जाएंगे। मैं यह बात पूरी जिम्मेदारी के साथ कह रहा हूं ताकि किसी के बहकावे में न आऊं। इस विधेयक का उद्देश्य केवल वक्फ संपत्ति पर माफियाओं के एकाधिकार को खत्म करना है। यूपी के मंत्री दानिश आजाद अंसारी ने कहा कि एक आम मुस्लिम व्यक्ति का मानना ??है कि वक्फ संशोधन विधेयक मुस्लिम समुदाय के विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। यह चौंकाने वाली बात है कि कैसे कुछ लोग और राजनीतिक दल अपने निजी लाभ के लिए मुसलमानों के कल्याण को नजरअंदाज कर रहे हैं।

**लोकसभा में कल आएगा वक्फ बिल:** लोकसभा में बुधवार को वक्फ संशोधन विधेयक विचार और पारित कराने के लिए लाया जाएगा और इस दौरान हंगामा होने के आसार हैं क्योंकि विपक्षी दल इसका पुरजोर विरोध कर रहे हैं। सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि विधेयक पर सदन में आठ घंटे की प्रस्तावित चर्चा के बाद अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरेन रीजीजू जवाब देंगे और इस विधेयक को पारित कराने के लिए सदन की मंजूरी लेंगे। सूत्रों ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की अध्यक्षता में कार्य मंत्रणा समिति (बीएसी) की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई। पिछले साल विधेयक पेश करते समय सरकार ने इसे दोनों सदनों की एक संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव किया था। समिति द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत किये जाने के बाद, उसकी सिफारिश के आधार पर केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मूल विधेयक में कुछ बदलावों को मंजूरी दी थी।

न्यूज ब्रीफ

## आदिवासियों की आस्था व प्रकृति प्रेम का प्रतीक है बाहा पर्व- रामदास सोरेन

सरायकेला : राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि सरहुल पर्व आदिवासियों के प्रकृति के प्रति समर्पण और उनके अटूट प्रेम को दर्शाता है. सरहुल, बाहा पर्व आदिवासियों के आस्था, प्रकृति पूजक और उनका रक्षक होने का प्रतीक है. मंत्री रामदास सोरेन मंगलवार को चांडिल गोलचक्कर स्थित दिशोम जाहेरगाढ़ पर झारखंड दिशोम बाहा (सरहुल) महोत्सव को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे. उन्होंने सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करते हुए युवाओं को अपनी भागीदारी बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया. कहा कि इससे जहां समाजिक एकता और अखंडता को बढावा मिलता है, वहीं प्रकृति और वन्य जीवों की रक्षा होती है. समारोह को विधायक सविता महतो समेत अन्य गणमान्य लोगों ने भी संबोधित किया.

चांडिल गोलचक्कर स्थित दिशोम जाहेरगाढ़ में महापर्व बाहा (सरहुल) श्रद्धा व हर्षोल्लास के साथ भव्य तरीके से मनाया गया. सर्वप्रथम नायके बाबा ने विधिवत पूजा-अर्चना की. समाज के लोगों ने जाहेरगाढ़ में माथा टेका और देवी-देवताओं के आशीष के रूप मे सखुआ फूल यानि सारजोम बाहा ग्रहण किया. नायके बाबा के हाथों से मिले सारजोम बाहा को महिलाओं ने अपने जूड़े में और पुरुषों ने कानों पर सजाया सुख-समृद्धि की कामना की. जमशेदपुर के बाहा किनुडीह की टीम ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया. महोत्सव में पातकोम दिशोम के पारगाना रामेश्वर बेसरा, माझी बाबा तारांचाद टुडू, गुरुचरण किस्कू, चारूचांद किस्कू, दिलीप किस्कू समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए.

## एमजीएम के ब्लड बैंक शिफ्ट होने का नहीं आया आदेश

**जमशेदपुर** : एमजीएम मेडिकल अस्पताल के ब्लड बैंक को साकची से डिमना में शिफ्ट करने का आदेश मुख्यालय से अभी तक नहीं पहुंचा। ब्लड बैंक को साकची से डिमना में शिफ्ट करना था लेकिन इसके पहले मुख्यालय के अनुमति की आवश्यकता थी। इसके लिए अस्पताल के अधीक्षक ने स्वास्थ्य विभाग को पत्र भेजकर अनुमति मांगी थी लेकिन अभी तक मुख्यालय से इस संबंध में कोई अनुमति नहीं मिली है। ऐसे में मुख्यालय का पत्र नहीं आने के कारण साकची में ही चल रहा है। जबकि से जल्द से जल्द डिमना में ले जाने का प्रयास किया जा रहा है।

## वित्तीय वर्ष 2024-25 में बीएसएल का अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**बोकारो :** बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में प्रोडक्शन, डिस्पैच तथा टेक्नो-इकोनॉमिक पैरामीटर्स पर नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं. वित्तीय वर्ष में कंपनी ने अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है. हॉट मेटल उत्पादन (4 फर्नेस से), एसएमएस-न्यू से क्रूड स्टील, टोटल क्रूड स्टील व सीआर सेलेबल के उत्पादन में कीर्तिमान बने हैं. साथ ही समग्र ऊर्जा खपत, कोक रेट, सीडीआई रेट व अन्य टेक्नो-इकोनॉमिक पैरामीटर्स एवं ग्रेन्यूलेटेड स्लैग के डिस्पैच में भी नए रिकॉर्ड बने हैं.

बीएसल ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में पिछले वर्ष की तुलना में चार फर्नेस परिचालन से हॉट मेटल के उत्पादन में 5.0%, टोटल क्रूड स्टील उत्पादन में 4.7% तथा टोटल सीआर सेलेबल स्टील में 8.7% की वृद्धि दर्ज की है. कंपनी की इस उपलब्धि पर निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी व शीर्ष प्रबंधन के अधिकारियों ने मंगलवार को संयंत्र के विभिन्न विभागों का दौरा कर अधिकारियों, कर्मियों व संविदा कर्मियों समेत पूरी टीम को बधाई दी. साथ ही नए वित्तीय वर्ष में इस प्रदर्शन को और आगे ले जाने, सेफ्टी व गुणवत्ता पर फोकस करने का आह्वान किया.

## रेडक्रॉस का बागबेड़ा में 5 से 7 तक नेत्र जांच शिविर

**जमशेदपुर :** रेडक्रॉस सोसाइटी बागबेड़ा स्थित राम मनोहर लोहिया नेत्रालय में 5 से 7 अप्रैल तक रचना हेल्थ केयर फाउंडेशन के संयोजन में निःशुल्क नेत्र जांच, मोतियाबिंद ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण शिविर लगेगा। श्याम कुमार ने बताया कि नेत्र रोगियों को शिविर में दवा व चश्मा भी दिया जाएगा। बताया जाता है कि, रेडकॉस के नेत्र जांच और ऑपरेशन अभियान को जमशेदपुर की विभिन्न संस्थाओं के साथ राजस्थान सेवा सदन और जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति भी मदद करती है।

## धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस में अतिरिक्त स्लीपर व जनरल कोच की मांग

धनबाद : झारखंड रेल यूजर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को धनबाद रेल मंडल कार्यालय में डीआरएम कमल किशोर सिन्हा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। मांग की कि धनबाद-जम्मूतवी एक्सप्रेस, धनबाद-नासिक रोड एक्सप्रेस, धनबाद-एलटीटी एक्सप्रेस में गरीब एवं मजदूर वर्ग के लिए स्लीपर एवं सामान्य कोच लगाया जाए। प्रतिनिधिमंडल में एसोसिएशन के सचिव नैयर इमाम, संरक्षक पूजा रत्नाकर और सनोज कुमार भी उपस्थित थे। एसोसिएशन के सदस्यों ने बताया कि डीआरएम ने आश्वासन दिया कि धनबाद-बेंगलुरु एक्सप्रेस, धनबाद-ओखा एक्सप्रेस और धनबाद-बक्सर एक्सप्रेस की शुरूआत पर विचार किया जाएगा।

## एलआईसी कार्यालय के लॉकर से लाखों की चोरी

**जमशेदपुर :** बिष्टुपुर थाना अंतर्गत मेन रोड स्थिति एलआईसी कार्यालय के ब्रांच 2 में चोरी की घटना सामने आई है। बुधवार सुबह कार्यालय पहुंचे कर्मी जब लॉकर के पास पहुंचे तो पाया कि लॉकर खुला हुआ है और उसमें रखे रुपए गायब है। जांच करने पर पता चला कि कार्यालय की खिड़की भी टूटी हुई है। इधर, सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है। ब्रांच के सीनियर मैनेजर राकेश रंजन सिन्हा ने बताया कि सुबह कर्मचारी जब कार्यालय आए तो पाया कि सीसीटीवी कैमरा नहीं चल रहा है। इसके बाद इंजीनियर को बुलाया गया। जांच में पता चला कि सीसीटीवी का डीवीआर गायब है। इसके बाद लॉकर रूम को देखा गया जहां लॉकर का दरवाजा टूटा हुआ था। बताया जाता है कि लॉकर में 55 लाख रुपए मौजूद थे। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## दो आरोपी हथियार के साथ गिरफ्तार

जमशेदपुर : एमजीएम थाना क्षेत्र के तुरियाबेड़ा में बीते 29 मार्च की रात स्थानीय निवासी लवकुश पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में विश्वजीत सिंह उर्फ रॉकी और राहुल कुमार सिंह उर्फ छोटू शामिल है। आरोपियों की निशानदेही पर पुलिस ने तीन हथियार और छह गोली बरामद किया है। बुधवार को एक प्रेस वार्ता के दौरान एसएसपी किशोर कौशल ने मामले का खुलासा करते हुए बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर तुरियाबेड़ा स्थित एक स्कूल के पास पुलिस ने छापेमारी करते हुए दोनों आरोपियों को पकड़ा। तलाशी के क्रम में विश्वजीत के पास से एक देसी कट्टा और पिस्टल मिली जबकि राहुल के पास से एक पिस्टल बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों ने बताया कि 29 मार्च को इसके द्वारा ही लवकुश पर फायरिंग की गई थी।

## उत्कल एक्सप्रेस से टाटानगर में लैपटॉप चोरी

**जमशेदपुर :** ओडिशा के पुरी निवासी राकेश रोशन साहू की लैपटॉप 29 मार्च को टाटानगर स्टेशन पर उत्कल एक्सप्रेस से चोरी हो गई। यात्री ने झारसुगुड़ा स्टेशन पर जाकर लैपटॉप चोरी का केस दर्ज कराया था। जिसका एफआइआर मंगलवार शाम टाटानगर रेल थाने में आया है। इससे केस दर्ज रेल पुलिस उत्कल एक्सप्रेस के समय का सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही।

फीस बढ़ोतरी पर एक्शन मोड में शिक्षा मंत्री

# पूर्वी सिंहभूम के 78 प्राइवेट स्कूल को जारी किया नोटिस

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**पूर्वी सिंहभूम :** झारखंड सरकार के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के गृह जिला पूर्वी सिंहभूम में प्राइवेट स्कूलों की मनमानी के खिलाफ जिला शिक्षा विभाग ने तेवर कड़े कर लिए हैं. जिला शिक्षा पदाधिकारी व शिक्षा अधीक्षक ने 78 प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों को एक नोटिस जारी किया है, जिसमें उन लोगों से अलग-अलग बिंदुओं पर जवाब मांगा है.

कल तक जवाब सौंपने का निर्देश

जिला शिक्षा विभाग द्वारा एक पत्र जारी करते हुए कहा गया है कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 अध्याय-2 के नियम -75 (3) के अनुसार स्कूल भवन, संरचना या परिसर का उपयोग केवल शिक्षा के उद्देश्य के लिए किया जाएगा और स्कूल परिसर में शिविर लगाकर किताब या अन्य सामग्री (यूनिफॉर्म-जूते) की खरीद के लिए अभिभावक या छात्र-छात्राओं को बाध्य/प्रेरित नहीं करने से संबंधित निर्देश है. इसके बावजूद स्कूल परिसर का उपयोग किताब बेचने के लिए किया जा रहा है. उक्त पत्र में यह भी बताया गया है कि अभिभावक या छात्रों को किताब खरीदने के लिए किसी खास दुकानदार के लिए बाध्य नहीं किया जाए, लेकिन अक्सर यह देखा जाता है कि स्कूल द्वारा निर्धारित विक्रेता के अलावा किसी अन्य विक्रेता के पास उक्त किताबें उपलब्ध नहीं होती है. जिला शिक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार व जिला शिक्षा अधीक्षक आशीष कुमार पांडेय ने स्कूल प्रबंधकों से 3 अप्रैल तक अपना जवाब सौंपने को कहा है. साथ ही यह चेतावनी भी दी है कि अगर स्कूल प्रबंधकों ने गलत जानकारी दी तो स्कूल का भौतिक सत्यापन किया जाएगा और गलत जानकारी देने पर स्कूल प्रबंधक पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

स्कूलों में व्यय से अधिक इनकम फिर भी बढ़ रही फीस

जिला शिक्षा विभाग की ओर से झारखंड निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार नियमावली 2011 के नियम-12 (1) (ख) का उल्लेख किया गया है. जिसमें बताया गया है कि उक्त नियम में यह वर्णित है कि स्कूल को किसी व्यक्ति, व्यक्तियों के समूह या किन्हीं अन्य व्यक्तियों के लाभ के लिए नहीं चलाया जाएगा. लेकिन कुछ स्कूलों के ऑडिट रिपोर्ट की पड़ताल करने के बाद स्पष्ट हुआ है कि व्यय से अधिक आय होने के बाद भी प्रत्येक वर्ष फीस में वृद्धि की जा रही है.



जिला शिक्षा विभाग द्वारा भेजे गए पत्र में बताया गया है कि ऑडिट रिपोर्ट देखने के बाद यह प्रतीत हो रहा है कि स्कूल का संचालन लाभ अर्जित करने के लिए किया जा रहा है. जिला शिक्षा विभाग ने सभी स्कूल प्रबंधकों को पिछले तीन साल के ऑडिट रिपोर्ट की कॉपी सौंपने को भी कहा है.

स्कूल प्रबंधकों से मांगा गया तीन साल का रिकॉर्ड

इसके अलावा सभी स्कूल प्रबंधकों को यह भी कहा गया है कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम 2017 के नियम-7अ (1) (छ) में वर्णित है कि दो साल में अधिक से अधिक 10 फीसदी फीस की बढ़ोतरी की जा सकती है. यदि इससे अधिक बढ़ोतरी होती है तो उसके लिए समिति से अनुमोदन करवाना होगा.

हालांकि, जिला शिक्षा विभाग को यह शिकायत मिली है कि कई स्कूलों ने फीस के लिए तय गाइडलाइन का उल्लंघन किया है. यही कारण है कि प्राइवेट स्कूल प्रबंधकों को तीन साल का रिकॉर्ड लिखित रूप में सबमिट करने को कहा गया है. साथ ही यह भी कहा गया है कि विद्यालय स्तरीय फीस निर्धारण समिति का कार्यकाल तीन वर्षों के लिए होता है, लेकिन कुछ स्कूल इस निर्देश का अनुपालन नहीं कर रहे हैं.

## व्यवसायी एवं समाजसेवी विकास केजरीवाल ने तेज रफ्तार से बचाव के लिए कई सुझाव दिए



बिनय मिश्रा

चक्रधरपुर में इन दिनों तेज रफ्तार के कहर से एक और जहां दुर्घटनाओं में काफी इजाफा हुआ है वही लोग भी काफी भयभीत औरसकते में है इसकी प्रमुख वजह यह है कि दो पहिया वाहन चालक तथा बड़े वाहन चालक मुख मार्ग में भी तेज रफ्तार से वाहनों का परिचालन बेधड़क करते हैं और इसी के फल स्वरुप अति व्यस्त मुख्य मार्ग में दुर्घटनाओं में काफी इजाफा भी हुआ है आए दिन दुर्घटना से लोग चोटिलाहो रहे हैं और गंभीर रूप से घायल भी इस दुर्घटनाओं पर रोकथाम के लिए युवा व्यवसायी ओर समाज सेवी विकास केजरीवाल ने पश्चिम सिंहभूम के पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर को कई महत्वपूर्ण सुझाव प्रेषित किए हैं जिसमें मुख्य रूप से उन्होंने कहा है कि चक्रधरपुर चाईबासा मुख्य पथ पर दुर्घटना को रोकथाम के लिए व्यापक रूप से कारगर उपाय किया जाए तो लोगों को काफी राहत मिलेगी दुर्घटना के रोकथाम के लिए

कुछ चेक पॉइंट बनाकर पुलिसकर्मियों की तैनाती की जाए और जो तेज रफ्तार से वाहन चलाते हुए उक्त स्थल से क्रॉस करते हैं तो इसकी जानकारी अगली चेकिंग पॉइंट को दी जाए जिससे कि उक्त वाहन चालक को रोक कर उसे पर कार्रवाई की जा सके श्री केजरीवाल ने कहा कि वर्तमान समय में इस मुख्य मार्ग पर स्कूल के बच्चे और आम लोग परिचालन किया करते हैं साथ ही साथ चाईबासा रांची मुख्य पथ पर अति व्यस्तता भी रहती है और इस सड़क पर काफी तेजी के साथ वाहनों का परिचालन भी होता रहता है इसी के फल स्वरुप निरंतर कई दुर्घटनाएं अब तक घट चुकी है और लोग काफी भयभीतहैं अगर भगत सिंह चौक ऑवर ब्रिज और पोटका तथा स्टेशन जाने वाले सड़क मार्ग पर पुलिस कर्मी की तैनाती कर दी जाए तो तो दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा ही साथ ही साथ तेज रफ्तार से वाहन चलाने वाले लोगों पर भी रोक लगेगी जनहित एवं दुर्घटना को रोकने के लिए यह कारगर प्रयास अति आवश्यक है इसलिए इस पर अविलंब ध्यान भीआकर्षित करते हुए इस पर सकारात्मक पहल करनी चाहिए तथा वर्तमान समय में वैसे वाहनों की जांच की जाए जो तेज रफ्तार से वाहन चलाते हैं उनका इंश्योरेंस तथा चालक के ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य महत्वपूर्ण कागजात उनके पास है या नहीं।

## रोटरी क्लब ने किया 154 वां रक्तदान सह जागरूकता शिविर का आयोजन



**मेट्रो रेज संवाददाता**

**चाईबासा :** रोटरी क्लब चाईबासा द्वारा लगातार 154 वां मासिक रक्तदान सह जागरूकता शिविर का आयोजन स्थानीय ब्लड बैंक सदर अस्पताल चाईबासा में किया गया। आज के शिविर का शुभारंभ रोटरियन पुनीत सेठिया के द्वारा रक्तदान कर किया गया। रोटरी क्लब के द्वारा प्रथम रक्तदाता के रूप में पुनीत सेठिया को ब्लड बैंक के इंद्रनील दास एवं गुरमुख सिंह खोखर के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

रोटरी अध्यक्ष हर्ष राज मिश्रा, रोटरियन अमन प्रकाश गुप्ता एवं प्रमोद सुरीन सहित कुल अठारह लोगों ने रक्तदान किया।

आज के शिविर के बारे में जानकारी देते हुए रोटरी क्लब के अध्यक्ष हर्ष राज मिश्रा ने बताया कि रोटरी क्लब द्वारा वर्ष 2012 की एक जुलाई से प्रारंभ हुआ है। स्वइ हरभजन सिंह खोखर की स्मृति में यह शिविर आयोजित की जा रही यह रक्तदान सह जागरूकता शिविर कोविड काल के संघर्ष भरे समय में भी जारी रहा जिससे आम लोगों की जरूरत के समय रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।

रोटरी अध्यक्ष हर्ष राज मिश्रा ने बताया की इसके सफलतम आयोजन में निरंतर सहयोग के लिए शिविर के प्रायोजक खोखर परिवार बधाई के पात्र है एवं आशा करते है कि भविष्य में भी उनका साथ हमेशा बना रहेगा। आज के शिविर में क्लब के सदस्य गुरमुख सिंह खोखर, सुशील मूंधड़ा, सुशील चोमाल, अमन गुप्ता, पुनीत सेठिया, महेश खत्री, सौरभ प्रसाद, निरंजन प्रसाद साव,विकास दोदराजका आदि उपस्थित थे।

## मंगला जुलूस में रामभक्तों ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे

विष्णुगढ़ : रामनवमी के अंतिम मंगलवार को भुताही मुरगांव समेत विष्णुगढ़ के सभी अखाड़ों से भव्य मंगला जुलूस निकाला गया। दोपहर बाद भुताही मुरगांव से निकले मंगला जुलूस में महाबीरी पताका लिए रामभक्त सैकड़ों बाइक के जत्थे के साथ निकले। गाजे-बाजे के साथ जत्थे में शामिल रामभक्तों के जय श्रीराम तथा जय हनुमान के गगनभेदी उद्घोष से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो गया। इस दौरान युवाओं का उत्साह चरम पर दिखा। उपरैली मुरगांव, हेठली मुरगांव, कसुवा का भ्रमण करने के बाद जुलूस हॉस्पिटल चौक पहुंची। इसके बाद अखाड़ा चौक, ब्लॉक रोड होते हुए सातमील मोड़, कॉलेज रोड से आठमील होते हुए पुनः भुताही मुरगांव पहुंचकर समापन हुआ। इसके पूर्व पूजा-अर्चना कर प्रभु श्रीराम तथा वीर बजरंगी का आशीर्वाद लिया।

## शिक्षा वह नींव है जिस पर हम अपने भविष्य का निर्माण करते हैं : हिमांशु प्रधान

### मिनी माइंड्स प्री स्कूल के बच्चों को अपने शिक्षिकाओं के द्वारा तिलक लगाकर स्वागत किया गया

**चक्रधरपुर :** मंगलवार को मिनी माइंड्स प्री स्कूल का सत्र 2025-26 प्रारंभ किया गया । स्कूल की शिक्षिका हेमलता गिरी ने सभी बच्चों को बारी-बारी से तिलक लगाकर अपने-अपने कक्षा में प्रवेश करायी । सभी बच्चे बहुत खुश थे । निदेशक हिमांशु प्रधान ने कहा कि अब्दुल कलाम जी अक्सर कहा करते थे शिक्षा ही वह शक्ति है जो हमें अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सहायता करती है।



मुख्यरूप से गीता मुण्डा मैम,मंजू महतो मैम, हेमलता गिरी मैम, सारांश कुमार यादव, इशानी प्रधान, कैरा महतो, श्रेया प्रधान, रोनिथ सामड,नमन महतो,रियांश महतो, जस्टिन अइंद, आरज्ञा कुमारी साव, प्रदीप कुमार महतो, रानी महतो आदि मौजूद थे।

## खोरठा पुस्तक पइनसोर जिनगी का लोकार्पण

**हजारीबाग :** खोरठा एवं हिन्दी के उभरते युवा कवि अनंत ज्ञान की खोरठा कविता संग्रह का लोकार्पण किया। यह कार्यक्रम खोरठा के मूर्धन्य साहित्यकारों की उपस्थिति में संघ कार्यालय में आयोजित हुआ। बतौर अतिथि खोरठा भाषा साहित्य संस्कृति परिषद के अध्यक्ष डॉ बीएन ओहदार, डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय, रांची के खोरठा विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार, रांची विश्वविद्यालय रांची स्नातकोत्तर खोरठा विभाग के प्राध्यापक डॉ दिनेश दिनमणि, राधा गोविंद विश्वविद्यालय, रामगढ़ के खोरठा विभागाध्यक्ष अनाम ओहदार, गिरिडीह महाविद्यालय गिरिडीह के प्राध्यापक सह इग्नू समन्वयक डॉ छोटू प्रसाद चंद्रप्रभ, विनोबा भावे विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के प्राध्यापक डॉ सुबोध सिंह शिवगीत, गुरूकुल कोचिंग संस्थान के निदेशक जेपी जैन उपस्थित रहे। संस्कार भारती की सदस्य अंकिता कुमारी ने ध्येय गीत की प्रस्तुति के बाद सरस्वती वंदना किया गया। दीप प्रज्जवलन के पश्चात संस्कार भारती के अध्यक्ष कुमार केशव ने स्वागत भाषण दिया गया। पुस्तक के लेखक अनंत ज्ञान द्वारा विषय प्रवेश किया गया। अपनी पुस्तक पइनसोर जिनगी पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा यह पुस्तक हास्य-व्यंग्य कविताओं का एक संकलन है और भागती-दौड़ती जिंदगी के बीच जीवन में सुकून लाने का एक प्रयास इस पुस्तक के माध्यम से किया गया है । उपस्थित सभी अतिथियों ने मुक्त कंठ से पुस्तक की सराहना की। मौके पर संस्कार भारती के कोषाध्यक्ष अनिल पांडेय, प्रवीर कुमार सिन्हा, निरंजन प्रसाद, अनंत प्रिया, राकेश सिन्हा, संजीत कुमार वर्मा, अजय कुमार, हिमांशु कुमार, पूनम त्रिवेदी श्लाघ्या की भूमिका सराहनीय रही। धन्यवाद ज्ञापन संस्कार भारती के जिला मंत्री विनीत जैन लक्की ने किया एवं पूरे कार्यक्रम का सफल संचालन संजय तिवारी ने किया।

## टाटानगर-चांडिल रेलखंड पर बड़ा हादसा टला, रेल पटरी के पास पलटा ट्रक

**मेट्रो रेज संवाददाता**

**सरायकेला:** चक्रधरपुर रेल डिवीजन के टाटानगर-चांडिल रेलखंड पर मंगलवार देर रात एक बड़ा हादसा टल गया. चांडिल थाना अंतर्गत मानीकुई के समीप एक अनियंत्रित ट्रक गहरी खाई में पलट गया. ट्रक जमशेदपुर से चांडिल की ओर जा रहा था. ट्रक पलटने के बाद बीच में ही अटक गया. यदि ट्रक लुढ़क जाता तो रेलवे ट्रैक पर गिर जाता और बड़ी दुर्घटना हो जाती.

इधर, घटना की सूचना मिलते ही दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर डिवीजन के डीआरएम तरुण हुरिया रेस्क्यू टीम के साथ बुधवार सुबह 9:00 बजे घटनास्थल पर पहुंचे. सावधानीपूर्वक राहत कार्य शुरू किया गया. आधे घंटे के बाद खाई से ट्रक को क्रेन और जेसीबी की मदद से खींचकर बाहर निकाला गया.इस दौरान ट्रेनों का परिचालन जारी रखा गया था, लेकिन सड़क पर आवागमन अवरुद्ध हो गया था. डीआरएम तरुण हुरिया ने बताया कि इस दुर्घटना में रेलवे को कोई नुकसान नहीं हुआ है और कोई हताहत नहीं हुआ है. रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान सड़क मार्ग पर कुछ समय के लिए आवागमन रोका गया था, लेकिन अब स्थिति सामान्य है. इस मार्ग पर लगातार हो रहे हादसों को लेकर डीआरएम ने कहा कि एनएचएआई से बातचीत कर बैरिकेडिंग करायी जाएगी. वहीं चांडिल गोलचक्कर पर बन रहे पुल के संबंध में डीआरएम ने कहा कि यह एनएचएआई का मामला है और रेलवे को इसकी जानकारी नहीं है. रेस्क्यू ऑपरेशन के दौरान जीआरपी, आरपीएफ, चांडिल और कांड्रा थाने की पुलिस के अलावा रेलवे की पूरी रेस्क्यू टीम मौके पर मौजूद रही.

